CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 19°C

मेरठ, रविवार 10 मई 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 338 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 22 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार आज! पेज 2




केएल राहुल ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर रहे बरकरार खेल टाइम्स



ईरान में प्रमुख ताकत बनकर उभरे मुजतबा खामेनेई पेज 11



भोपाल में 16 मई को होगा 'पेड्डी' का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### अग्नि की एडवांस मिसाइल का सफल परीक्षण



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के डा. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परीक्षण सेंटर से अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मिसाइल में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) सिस्टम लगाया गया है, जिससे एक साथ कई परमाणु हथियारों को ले जाया जा सकता है। साथ ही एक बार में कई टारगेट को निशाना बनाया जा सकता है।

### अगले हफ्ते पाक में वार्ता करेंगे अमेरिका-ईरान!

**वाशिंगटन/तेहरान।** व्हाइट हाउस द्वारा ईरान से संघर्ष समाप्ति संबंधी प्रस्ताव पर जवाब की प्रतीक्षा के बीच खबरें सामने आई हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर शुरू हो सकती है। दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक पृष्ठ के 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं।

### ईडी की रेड के बाद पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार


**चंड़ीगढ़।** पंजाब की राजनीति में शनिवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। पंजाब सरकार के मंत्री और 'आप' के नेता संजीव अरोड़ा को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय तक पूछताछ और छापेमारी के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, संजीव अरोड़ा के कई करीबी लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

# सुवेंदु अधिकारी बने बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री

कोलकाता, वार्ता

**सुवेंदु अधिकारी** शनिवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बन गए। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम किया। सुवेंदु अधिकारी के साथ 5 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। एनडीए और भाजपा शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में पहुंचे। पीएम रोड शो करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे, मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर



■ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू, निषिथ प्रमाणिक मंत्री बने, बांग्ला में शपथ ली

### मुख्यमंत्री सुवेंदु ने 'सोनार बांग्ला' और सुरक्षा का संकल्प दोहराया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने बतौर मुख्यमंत्री अपने संदेश में कहा है कि उनकी सरकार सोनार बांग्ला के निर्माण के लक्ष्य को लेकर राज्य के प्रत्येक नागरिक के प्रति उत्तरदाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, सांस्कृतिक गरिमा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना ही उनके शासन के प्राथमिक स्तंभ होंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि बंगाल की जनता ने उन्हें 'सेवक' के रूप में चुना है और जनता ने जो अवसर प्रदान किया है, वह उसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे।

### मोदी ने 98 वर्षीय कार्यकर्ता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भावुक और ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे पुराने और सम्मानित कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रता के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान दशकों पुराना है।

# TVK को 121 विधायकों का समर्थन

## तमिलनाडु में विजय के सीएम बनने का रास्ता साफ

चेन्नई, वार्ता

**तमिलनाडु में** सरकार बनाने के लिए टीवीके प्रमुख विजय ने शनिवार को 121 विधायकों के समर्थन का पत्र राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को सौंपा। इसी के साथ राज्य में सरकार गठन को लेकर जारी सस्पेंस अब लगभग खत्म हो गया है।

रिपोर्ट्स की मानें, तो रविवार शाम को विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। वीसीके ने आधिकारिक तौर पर टीवीके प्रमुख विजय को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। साथ ही आईयूएमएल के दो विधायकों ने भी समर्थन दे दिया है। इसके साथ ही टीवीके राज्य विधानसभा में बहुमत के जादुई आंकड़े 118 के पार पहुंच गई है। वीसीके अध्यक्ष थोल. थिरुमावलवन ने टीवीके की ओर से चुनाव अभियान प्रबंधन संभाल रहे महासचिव आधव अर्जुना को समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी तमिलनाडु में टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार के गठन का समर्थन करेगी।



■ टीवीके को वीसीके व आईयूएमएल ने भी दिया समर्थन, रविवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं विजय

वीसीके के समर्थन के बाद विजय के नेतृत्व में सरकार गठन का रास्ता आसान हो गया है। एक्टर विजय शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया था। हालांकि उनके पास महज 116 विधायकों का ही समर्थन पत्र था। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। तब राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते। कांग्रेस उन्हें सबसे पहले समर्थन देने वाले दलों में से एक। इनके पास 5 विधायक हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने स्थिर और लोकतांत्रिक शासन के लिए अपना समर्थन दिया है। इनके पास 2 विधायक हैं। माकपा ने भी आधिकारिक तौर पर टीवीके को समर्थन पत्र सौंपा है।

# लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि होंगे नए CDS

**नई दिल्ली।** रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि देश के अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) होंगे। केंद्र ने शनिवार को इसका ऐलान किया। सुब्रमणि रक्षा मामलों के विभाग के सचिव की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। सरकार ने वॉइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। दोनों 31 मई को कार्यभार संभालेंगे।

मौजूदा सीडीएस अनिल चौहान का कार्यकाल 30 मई को खत्म हो रहा है। एनएस राजा सुब्रमणि देश के तीसरे सीडीएस होंगे। एनएस राजा सुब्रमणि करीब 39 साल की सर्विस के बाद 31 जुलाई 2025 को वॉइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद से रिटायर हुए थे। एनएस राजा सुब्रमणि ने दिसम्बर 1985 में गढ़वाल राइफल्स से सेना में



■ वॉइस एडमिरल स्वामीनाथन एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की जगह नए नौसेना प्रमुख नियुक्त किए गए

कमीशन लिया था। उन्होंने नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) से सैन्य प्रशिक्षण हासिल किया। इसके बाद वे ब्रिटेन के ब्रैकनेल स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज भी गए। भारत लौटने के बाद उन्हें माउंटेन ब्रिगेड में ब्रिगेड मेजर की जिम्मेदारी दी गई। बाद में उन्होंने दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से पढ़ाई की। उनके पास लंदन के किंग्स कॉलेज से मास्टर ऑफ आर्ट्स और मद्रास यूनिवर्सिटी से डिफेंस स्टडीज में एमफिल की डिग्री भी है। सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। यह पद उन्होंने सितम्बर 2025 से संभाला हुआ है। इससे पहले उन्होंने जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच सेना उप-प्रमुख के रूप में कार्य किया था। 35 साल से ज्यादा लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल और रणनीतिक पदों पर कार्य किया है।

# अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे

**नई दिल्ली।** देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में सीबीआई ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है।

सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च आपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है। इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट (हेराफेरी) करने के लिए किया गया था। शुक्रवार को



■ 27337 करोड़ के घोटाले में सीबीआई ने की कार्रवाई

मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और एलआईसी को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि फंड डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल की गई कई बिचौलिया कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।







CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जनसेवा का संकल्प और मजबूत हुआ: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने स्वास्थ्य लाभ के बाद सक्रिय राजनीति और जनसेवा के कार्यों में वापसी कर ली है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की दुआओं और बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से वह पूरी तरह स्वस्थ होकर पुनः कांग्रेस मुख्यालय पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेदांता अस्पताल में उपचार के दौरान उन्हें प्रदेशभर से अपार स्नेह, शुभकामनाएं और समर्थन मिला, जिसने उन्हें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया। अजय राय ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यालय पहुंचने पर साथियों और समर्थकों का उत्साह देखकर वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी की आंखों में आए खुशी के आंसू कार्यकर्ताओं के इसी प्रेम और विश्वास का प्रमाण हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल के नए मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ/कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री और मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में नए मंत्रियों से जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में लिखा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी मंत्री जनसेवा को सर्वोच्च मानकर कार्य करेंगे और पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे।

# इलेक्शन माफिया से लड़ना होगा: अखिलेश

## महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का अवकाश घोषित करेंगे: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान किया कि महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का अवकाश घोषित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा।

अखिलेश ने बीजेपी को दरारवादी करार दिया और कहा कि बीजेपी के लोग दरारवादी हैं, आपस में झगड़ा करवाने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास कोई काम नहीं है, ये लोग बस नकारात्मकता फैलाते हैं और एक-दूसरे के बीच लड़ाई लगवाते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि हमको



■ बीजेपी दरारवादी पार्टी आपस में करवाती है झगड़ा

मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया का मुकाबला करना होगा। जिन्हें लोकतंत्र और संविधान को बचाना है, उन्हें इससे लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पूरे इंग्लैंड ने कल बैलेट से वोट डाला है, क्या हम आगे हैं इंग्लैंड से?। उन्होंने कहा कि चुनाव बैलेट पेपर से हो, यह समाजवादी पार्टी की पुरानी मांग है। उन्होंने कहा कि हम ईवीएम से भी इनको हराएंगे और जीतने के बाद ईवीएम हटाएंगे। उन्होंने कहा कि कल एक विकसित देश में बैलेट से वोट डाले गए, बैलेट से वोट पड़े, ये मांग हमारी रहेगी। वहीं एनसीआरबी के आंकड़ों पर अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जो आंकड़े हैं एनसीआरबी के वो सरकार के ही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं और बेटियां प्रदेश में असुरक्षित हैं, उनमें डर का माहौल है। उन्होंने कहा कि जो जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं उन्होंने ला एंड ऑर्डर जीरो कर दिया। सपा प्रमुख ने कहा कि आने वाले समय में जब भी समाजवादी पार्टी की सरकार होगी, तो महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का अवकाश घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट पर पार्टी महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा लगाएगी, जिसमें चेतक भी होगा, सोने का भाला भी होगा।

# मई के पहले हफ्ते में उप्र में सामान्य से 730 फीसदी अधिक बारिश

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश में मई के पहले सप्ताह में सामान्य से कई गुना अधिक बारिश ने मौसम वैज्ञानिको को हैरान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार एक से सात मई के बीच प्रदेश में सामान्य 3.3 मिमी के मुकाबले 27.4 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से लगभग 730 प्रतिशत अधिक है।

बेमौसम बारिश और लगातार बादल छाए रहने के कारण प्रदेशभर में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई तथा कई शहरों में मई माह के न्यूनतम अधिकतम तापमान के पुराने रिकॉर्ड टूटने की स्थिति बन गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामान्य 2.7 मिमी के मुकाबले 23.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य 3.8 मिमी के मुकाबले 30.1 मिमी बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मई के पहले सप्ताह में इतनी अधिक वर्षा सामान्य स्थिति नहीं मानी जाती। बारिश और ठंडी हवाओं का असर तापमान पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। पांच मई को



■ 14 मई तक सामान्य से कम बारिश होने की संभावना

लखनऊ का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 11.4 डिग्री कम था। यह मई माह में लखनऊ का दूसरा सबसे कम अधिकतम तापमान माना गया। इससे पहले मई 2021 में 27.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था। इसी दिन आगरा में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पूर्वांचल में भी मौसम का प्रभाव असामान्य रूप से देखने को मिला। एक मई को गोरखपुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 11.7 डिग्री कम था। यह मई माह में गोरखपुर का तीसरा सबसे कम अधिकतम तापमान रहा। वहीं बलिया में अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 9.8 डिग्री कम रहा और इसे मई माह का पांचवां सबसे कम अधिकतम तापमान माना गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बेमौसम बारिश का सिलसिला एक मार्च से लगातार जारी है। एक मार्च से सात मई के बीच पूरे उत्तर प्रदेश में सामान्य 18.2 मिमी के मुकाबले 48.8 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 168 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 46.9 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य आंकड़ा 19.4 मिमी है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य 17.4 मिमी के मुकाबले 50.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार आठ से 14 मई के बीच प्रदेश में कुल मिलाकर सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है, हालांकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है।

## 2027 से पहले उप्र भाजपा में बड़े बदलाव की तैयारी, राज्यपाल से मिले योगी

# यूपी मंत्रिमंडल का विस्तार आज, छह बनेंगे मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश पर फोकस करने जा रहा है। ऐसे में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले यूपी भाजपा में बड़े राजनीतिक और संगठनात्मक बदलावों की तैयारी तेज हो गई है। दरअसल पार्टी और सरकार स्तर पर होने वाले ये बदलाव भाजपा के लिए सामाजिक, क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का अहम अवसर माने जा रहे हैं।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक संगठन में फेरबदल, योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट विस्तार तथा विभिन्न आयोगों, निंगमों और बोर्डों में खाली पदों



■ कैबिनेट विस्तार और संगठन में फेरबदल तथा आयोगों, निगमों और बोर्डों में खाली पदों पर नियुक्तियां जल्द

पर नियुक्तियां जल्द हो सकती हैं। इस संबंध में सीएम योगी शनिवार शाम राज्यपाल आनंदीपाल पटेल से मुलाकात की और उन्हें मंत्रिमंडल विस्तार की जानकारी दी। पार्टी का मानना है कि 2027 के चुनाव से पहले यह आखिरी बड़ा मौका होगा, जब विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को संतुलित तरीके से प्रतिनिधित्व दिया जा सके। भाजपा के एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी होते ही केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश की ओर ध्यान देगा। संगठनात्मक बदलाव, कैबिनेट विस्तार और विभिन्न निगमों-बोर्डों में नियुक्तियों को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी पहले ही हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि योगी सरकार में बहुप्रतीक्षित कैबिनेट फेरबदल 10 से 15 मई के बीच कभी भी हो सकता है।

भाजपा सांसद ने बताया कि भाजपा इस फेरबदल को केवल प्रशासनिक बदलाव तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसके जिरए स्पष्ट राजनीतिक संदेश देने की भी तैयारी है। लोकसभा चुनाव के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों और भाजपा के सामाजिक गठबंधन में आई चुनौतियों को देखते हुए पार्टी विभिन्न जातीय समूहों, क्षेत्रों और समुदायों के प्रतिनिधित्व का नए सिरे से आकलन कर रही है।

### कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी की होगी ताजपोशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सूत्रों का दावा है कि छह मंत्री शपथ लेंगे। इससे पहले शनिवार को शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। हालांकि इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। दरअसल यूपी में फिलहाल 54 मंत्री हैं। छह मंत्रियों की जगह खाली है। यहां पर कुल 60 मंत्री हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक जिन छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी का नाम शामिल है। बीते अप्रैल महीने में भी मंत्रिमंडल विस्तार के दावे किए जा रहे थे। खबरों के अनुसार प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही संगठन में भी फेरबदल किए जाएंगे।

# ममता के नेतृत्व में अपनी लड़ाई जारी रखेगी टीएमसी: अभिषेक

नई दिल्ली, वार्ता

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को कहा कि पार्टी सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में 'बिना डरे और बिना किसी समझौते के' अपनी लड़ाई जारी रखेगी। अभिषेक ने अपने व्हॉटसऐप चैनल पर एक पोस्ट में पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया की तीखी आलोचना करते हुए बड़े पैमाने पर मतदाताओं को वोट देने से रोकने, संवैधानिक अधिकारियों के पक्षपातपूर्ण व्यवहार तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ चुनाव के बाद हिंसा का आरोप लगाया। उन्होंने वा किया कि लगभग '30 लाख असली मतदाताओं' को कथित तौर पर मतदाता सूची से हटा दिया गया था, जिसे उन्होंने 'बहुत मुश्किल चुनाव' बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत चुनाव आयोग के साथ-साथ कई सरकारी एजेंसियों ने पूरे चुनाव के दौरान 'बहुत ज्यादा पक्षपातपूर्ण व्यवहार' दिखाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं जो निष्पक्ष रूप से काम करने के लिए हैं, वे समझौता करती हुई दिखीं, जिससे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हुईं। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए ईवीएम को संभालने और उनकी मूवमेंट और जिसे उन्होंने 'कंट्रोल यूनिट्स का मिसमैच' कहा कि उससे जुड़े आरोपों का जिक्र किया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77958.52
निफ्टी 24330.95

सोना 152870 प्रति 10 ग्राम
चांदी 275100 प्रति किलो

# मई महीने से निकाल सकेंगे एटीएम से पीएफ का पैसा

नई दिल्ली, वार्ता

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ जल्द ही अपने करोड़ों खाताधारकों के लिए बड़ी सुविधा शुरू करने जा रहा है। मई के आखिर तक पीएफ का पैसा एटीएम और यूपीआई के जरिए निकालने की सुविधा शुरू हो सकती है। इससे करीब 7.8 करोड़ सब्सक्राइबर्स को बिना ज्यादा कागजी कार्रवाई के तुरंत पैसा मिल सकेगा।

नई सुविधा ईपीएफओ- 3 प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसका मकसद पीएफ से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को आसान, तेज और पूरी तरह डिजिटल बनाना है। माना जा रहा है कि 2026 के मध्य तक यह सिस्टम पूरी तरह लागू हो जाएगा। इसके बाद पीएफ क्लेम, अकाउंट ट्रांसफर और पैसे निकालने जैसी सुविधाएं पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएंगी। ईपीएफओ-3 के तहत 5 लाख तक

■ नौकरी बदलने पर पीएफ अपने आप ट्रांसफर होगा

के क्लेम ऑटोमेटिक तरीके से सेटल किए जाएंगे। इससे क्लेम प्रोसेस का समय 10-20 दिन से घटकर सिर्फ 2 से 5 दिन रह सकता है। आधार से वेरिफाइड अकाउंट्स के लिए पासबुक या चेक की फोटो अपलोड करने की जरूरत भी नहीं होगी, पूरा प्रोसेस पेपरलेस रहेगा। नई व्यवस्था में ईपीएफओ अपने सदस्यों को एक खास एटीएम कार्ड देगा, जो सीधो उनके पीएफ अकाउंट से लिंक होगा। इस कार्ड की मदद से यूजर एटीएम मशीन से कैश निकाल सकेंगे। वहीं फोनपे, गूगलपे जैसे यूपीआई ऐप्स के जरिए भी पीएफ का पैसा बैंक खाते में ट्रांसफर किया जा सकेगा। शुरुआती चरण में 1 लाख रुपए तक की निकासी की सुविधा मिलने की संभावना है।

# सोने की तेजी पर लगा ब्रेक, लेकिन चांदी चमकी

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर शहरों में सोने की कीमतों में तेजी पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। शनिवार 9 मई की सुबह दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में सोने के दाम हल्के नरम हुए देखे गए हैं, जबकि चेन्नई में कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोने के मुकाबले चांदी की कीमतों में लगातार मजबूती बनी हुई है। 9 मई की सुबह चांदी का भाव बढ़कर 2,75,100 प्रति किलोग्राम पहुंच गया है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,870 प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,670 प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में एक दिन पहले यानी शुक्रवार को सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,55,900 प्रति 10 ग्राम हो गई थी। वैश्विक बाजार की बात करें, तो हाजिर सोना फिलहाल 4,721 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार के उतार-चढ़ाव का असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में एक दिन पहले चांदी की कीमत 200 रुपये गिरकर 2,61,300 प्रति किलोग्राम रह गई थी। हालांकि अब फिर इसमें तेजी देखने को मिल रही है।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी में तेजी खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और चीनी में तेजी का रुख रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 89 रुपये गिरकर 3,761 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटा भी 33 रुपये चढ़ गया। दाल.दलहनों में उड़द दाल को छोड़कर अन्य में गिरावट रही। उड़द दाल 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 53 रुपये और मसूर दाल की 32 रुपये टूट गई। चना दाल 12 रुपये और मूंग दाल 10 रुपये सस्ती हो गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 20 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया, जबकि दूसरे तेलों में बढ़त देखी गई। मूंगफली तेल 96 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल और सोया तेल के दाम 51.51 रुपये बढ़ गए। सूरजमुखी तेल 31 रुपये और वनस्पति 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का



औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 21 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7643.91 रुपये, मसूर काली 8081.76 रुपये, मूंग दाल 10161.75 रुपये, उड़द दाल 10849.80 रुपये, तुअर दाल 11193.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.54 रुपये और चावल 3760.80 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3290.45 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4335.64 रुपये और गुड़ 5038.48 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17911.69 रुपये, मूंगफली तेल 18968.57 रुपये, सूरजमुखी तेल 17536.84 रुपये, सोया तेल 14966.98 रुपये, पाम ऑयल 13577.73 रुपये और वनस्पति 14968.37 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा:केजरीवाल

**नई दिल्ली।** पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर शनिवार सुबह ईडी की रेड के बाद उन्हें गिरफ्तार किए जाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पंजाब के साथ अत्याचार हो रहा है। मोदी राज में एजेंसियों के दम पर विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल करवाने की राजनीति हो रही है। भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा। केजरीवाल ने कहा, डराओ, खरीदो, तोड़ो और पार्टी में शामिल करवाओ, भाजपा अब सिर्फ इसी सिद्धांत पर काम कर रही है।अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जैसे ही बंगाल चुनाव खत्म हुए, मोदी ने पंजाब में रोज ईडी की रेड करना शुरू कर दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुवेंदु अधिकारी...** और मंत्रियों की शपथ पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से घुटनों के बल झुककर बंगाल की जनता को प्रणाम किया। सुब्रत गुप्ता को सीएम सुवेंदु अधिकारी का सलाहकार बनाया गया है। वे चुनाव में विशेष पर्यवेक्षक थे। शपथ के बाद हरियाणा सीएम नायब सैनी, बिहार सीएम सम्राट चौधरी, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग, अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू और मेघालय सीएम कॉनराड संगमा ने एयरपोर्ट पर नजर आए। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के दिवंगत कार्यकर्ताओं देबाशीष मंडल, सौमित्र घोषाल और आनंद पाल के परिवारों से मुलाकात की।

# रशीदी की पुस्तक संविधान व कानून की जानकारी देगी

लखनऊ, वार्ता

मदरसों में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के बीच एक खास पहल के तहत इन संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भारत के कानून और संविधान की जानकारी देने के लिए एक किताब तैयार की गई है।

जमीयत उलमा-ए-हिद उत्तर प्रदेश के विधिक सलाहकार मौलाना काब रशीदी द्वारा लिखित यह किताब भारत के संविधान और विभिन्न कानूनों की मूलभूत जानकारी को खुद में समेटे है। लेखक का दावा है कि इस पुस्तक से मदरसा छात्रों को कानूनी तथा संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के बारे में भी जानकारी मिलेगी जिससे वह बेहतर नागरिक भी बनेंगे। 'भारतीय संविधान, एक वैचारिक अध्ययन' शीर्षक वाली इस किताब में कुल सात अध्याय हैं और इस किताब को

■ मदरसा छात्रों के लिए होगी ज्ञानवर्धक, देश के मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

मनोवैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया है, ताकि मदरसों के बच्चे इसमें शामिल सामग्री को बेहतर ढंग से समझ सकें और उसे अपने जीवन में उतार सकें। इस किताब को मदरसों के 'सौम' दर्जे से पढ़ाया जाएगा जो आमतौर पर इंटरमीडिएट के समकक्ष माना जाता है। यह किताब पांच खंडों में होगी और इसका 10 भारतीय भाषाओं में अनुवाद भी कराया जाएगा, ताकि यह पूरे मुल्क में पहुंचे।

मौलाना ने कहा कि भारत की आजादी से लेकर सामाजिक क्षेत्र में भी मदरसों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मदरसे स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र रहे हैं। हालांकि देश के मदरसों में लागू पाठ्यक्रमों में संविधान और कानून को एक विषय में के रूप में पढ़ाए जाने के उदाहरण लगभग ना के बराबर हैं। लिहाजा मौजूदा हालात में बहुत जरूरी है कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को और अच्छा तथा ज्यादा जागरूक नागरिक बनाने के लिए उन्हें मुल्क के कानून और संविधान के बारे में भी पढ़ाया जाए। यह पुस्तक इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए ही तैयार की गई है।

मौलाना रशीदी ने बताया कि इस किताब को देश के सभी मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, इसके लिए व्यापक अभियान चलाते हुए मुल्क के तमाम मदरसों तथा दीनी तालीम देने वाले अन्य इदारों से संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा तमाम मस्जिदों में भी जाकर इस सिलसिले में जिम्मेदार लोगों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही इसके लिए देश की विभिन्न मदरसा शिक्षा परिषदों से भी संपर्क किया जाएगा कि वे अपनी निंगरानी वाले मदरसों के पाठ्यक्रम में इस किताब को भी शामिल करें। यह किताब दरअसल मदरसों में सुधार (रिफॉर्म्स) की एक शुरुआत है। मदरसों के संस्थापकों ने जिस मकसद से इन संस्थानों की नींव रखी थी, अगर सुधार के नाम पर उसी मकसद को नजरअंदाज कर दिया गया, तो ऐसे सुधार आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छे संकेत नहीं होंगे।

सही सुधार वही है, जो परंपरा और मूल उद्देश्यों को बचाते हुए समय के साथ आगे बढ़े। मौलाना रशीदी ने कहा कि वर्तमान हालात में 'संविधान परक चेतना' अब सिर्फ एक एकेडमिक जरूरत ही नहीं, बल्कि मदरसों से जुड़े लोगों के लिए एक अनिवार्य कर्तव्य भी बन गई है। यही सोच इस पुस्तक की रचना की प्रेरक बनी।

# सुभेंदु मंत्रिमंडल में समुदायों व पार्टी के बीच संतुलन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के मंत्रिमंडल में संगठनात्मक गुटों, क्षेत्रीय आकांक्षाओं एवं सामुदायिक प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन स्थापित किया गया है।

कोलकाता के विशाल ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कई मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में अधिकारी ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जिससे राज्य में भाजपा को मिले भारी जनादेश के बाद कई दिनों से चल रही अटकलों का अंत हो गया। अधिकारी के साथ, पांच वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली जिसमें दिलीप घोष, अग्निमित्र पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक शामिल हैं। इन

■ जनादेश के बाद अटकलों पर लगा विराम

पांच मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल करना भाजपा के शासन मॉडल को व्यापक बनाने के लिए एक सुविचारित राजनीतिक रणनीति को दर्शाता है, साथ ही पार्टी में क्षेत्रों, समुदायों एवं गुटों के बीच एक नाजुक संतुलन स्थापित करने की कोशिश भी करता है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि दिलीप घोष को मंत्रिमंडल में शामिल करने का उद्देश्य पार्टी के पुराने और नए गुटों के बीच लंबे समय से चली आ रही खाई को पाटना है। घोष 30 वर्षों से अधिक समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक (पूर्णकालिक प्रचारक) रहे जिसके बाद उन्हें भाजपा में शामिल किया गया।

2027 में सियासी मैदान बनेगा बड़ी चुनौती...

# बंगाल से सबक लेगा यूपी का सियासी समीकरण!

**शाहवेजन खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के सुशासन और हैट्रिक की जीत को भाजपा ने संगठन और बूथ प्रबंधन के दम पर बुरी तरह हराकर कमल की कमाल जीत दर्ज की है। भाजपा के इस प्रदर्शन ने 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पारा चढ़ा दिया है। सवाल यह है कि क्या समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव बंगाल के नतीजों से सबक लेकर भाजपा के विजय रथ को रोक पाएंगे या सपा को लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ेगा? यह बात अब खुद समाजवादी के कार्यकर्ताओं में भी अब चर्चा का विषय है और बंगाल चुनाव की जीत अब विपक्ष के लिए 2027 की बड़ी चुनौती बन रही है।








### आंकड़ों का गणितः उत्तर प्रदेश में क्या है स्थिति

2022 विधानसभा चुनाव के नतीजे देखें तो भाजपा गठबंधन को 273 सीटों पर 41.29 प्रतिशत वोट मिला, जबकि विपक्ष को 125 सीटों पर 36.32 प्रतिशत वोट मिले। बसपा 12.88 प्रतिशत वोट लेकर भी सिर्फ एक सीट जीत पाई। 2017 में भाजपा 312 सीटें 39.67 प्रतिशत वोट से जीती थी, तब विपक्ष 54 सीटों पर 28.32 प्रतिशत पर सिमट गया था।

### जातिगत आंकड़े होंगे निर्णायक साबित

यूपी की सियासत 2027 को लेकर जातिगत आधार का भी रूप ले सकती है। यूपी में ओबीसी लगभग 40 प्रतिशत, दलित 21 प्रतिशत, मुस्लिम 19.3 प्रतिशत और सवर्ण 18-20 प्रतिशत हैं। 2022 में सपा का पीढीए फार्मूला यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक लगभग 37 प्रतिशत वोट तक पहुंचा, लेकिन भाजपा का गैर-यादव ओबीसी + गैर-जाटव दलित + स्वर्ण गठजोड़ 41 प्रतिशत के पार रहा। 2024 लोकसभा में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने 43 सीटें जीतीं और वोट शेयर 43.7 प्रतिशत तक पहुंचा, जबकि भाजपा 33 सीटों पर 43.3 प्रतिशत वोट के साथ सिमटी। यानी अंतर सिर्फ 0.4 प्रतिशत का रहा जो बेहद कम था मगर सियासत में बड़ा उलटफेर कर गया।

## 8 महीने की मेहनत तय करेगी जीत

बंगाल ने दिखाया कि सिर्फ गठबंधन से चुनाव नहीं जीते जाते। बूथ जीतने वाली पार्टी ही सरकार बनाती है। फिलहाल अब गेंद अखिलेश यादव के पाले में है। बड़ा सवाल यह है कि क्या वह पीडीए को बूथ तक ले जाएंगे या फिर सपा 2027 में भी बड़े अंतर से चूक जाएगी? 2027 के इस खेल का जवाब अब अगले 8 महीने की सियासी मेहनत में छिपा है। सियासी पंडितों का कहना है कि जो मेहनत करेगा वही 2027 में यूपी का सियासी सिकन्दर बनेगा।

### भाजपा की ताकतः बूथ से लेकर नीति तक

बंगाल में भाजपा की जीत का आधार सिर्फ वोट बैंक नहीं रहा बल्कि उसकी बूथ लेवल की मेहनत का कमाल रहा वहां 10.5 लाख पन्ना प्रमुखों का नेटवर्क और हर बूथ पर 25 कार्यकर्ताओं की टीम ने बंगाल में वाकई इतिहास रचा है। यूपी में भी भाजपा के पास 1.8 लाख बूथों पर 22 लाख से ज्यादा पन्ना प्रमुख हैं। 2014 से भाजपा लगातार बूथ समिति, मंडल, शक्ति केंद्र मॉडल पर काम कर रही है और सपा की उसी दिशा में काम करे तो वह भी बड़ा उलटफेर कर सकती है और बूथ लेवल की लड़ाई ही सपा को 2027 में जीत दिला सकती है।

### संगठन के अलावा नीति

**डबल इंजन सरकार की योजनाएं:** प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन ने लाभार्थी वर्ग तैयार किया। सीएसडीएस के 2024 के आंकड़े बताते हैं कि लाभार्थियों में 54 प्रतिशत ने भाजपा को वोट दिया। कानून-व्यवस्था और एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट भी भाजपा के नैरेटिव का हिस्सा हैं।

### सपा की चुनौतीः जमीनी कमजोरी और नैरेटिव

अखिलेश यादव 2022 से पीडीए का नैरेटिव चला रहे हैं। 2024 लोकसभा में गैर-यादव ओबीसी जैसे कुर्मी, मौर्य, कुशवाहा और गैर-जाटव दलितों में सेंध लगाकर सपा ने 37 सीटें जीतीं। लेकिन विधानसभा चुनाव बूथ लेवल पर लड़ा जाता है जो कि अभी तक पूरे यूपी में के सपा की कमजोरी बना हुआ है बूथ लेवल पर सपा आज भी अधिकतर सीटो पर खाली है।जो 2027 में बड़ी चुनौती बनेगा। सपा की दिक्कत संगठन की है। भाजपा के 1.8 लाख सक्रिय बूथ समितियों के मुकाबले सपा की बूथ कमेटियां कई जिलों में कागजों पर हैं। 2022 के बाद हुए उपचुनावों में आजमगढ़, रामपुर जैसी सीटें हारना इसका संकेत था। दूसरा, मुस्लिम- यादव कोर वोट 28 प्रतिशत से आगे सपा नहीं बढ़ पा रही। 2024 में दलित वोट जुड़ा तो आंकड़ा 43 प्रतिशत पहुंचा, पर क्या वह आगे भी टिका रहेगा यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

## अखिलेश के सामने पांच मोर्चे

### बूथ मैनेजमेंट

सपा को हर बूथ पर 25 सदस्यीय कमेटी खड़ी करनी होगी। पन्ना प्रमुख जैसा मॉडल अपनाना होगा। 2024 में जिन 43 सीटों पर बढ़त मिली, वहां 60,000 बूथों पर फोकस जरूरी है।

### जातीय गणित से आगे

सपा इंडी गठबंधन पीडीए को सिर्फ नारे से आगे ले जाकर टिकट बंटवारे में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी गैर-यादव ओबीसी और दलितों को देनी होगी। 2024 में सपा ने 5 यादव, 27 ओबीसी, 15 दलित उतारे थे। यह मॉडल दोहराना होगा।

### लाभार्थी वर्ग में सेंध

भाजपा के 9 करोड़ लाभार्थियों में 40 प्रतिशत ओबीसी-दलित हैं। सपा और विपक्ष को जातिगत जनगणना, 69,000 शिक्षक भर्ती, पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों पर आक्रामक होना पड़ेगा इससे कार्यकर्ताओ में एक तेज बना रहेगा।

### कानून-व्यवस्था का नैरेटिव

भाजपा का सबसे मजबूत पक्ष कानून व्यवस्था है। ऐसे में सपा स्थानीय अपराध, बुलडोजर नीति पर सवाल और अपनी सरकार के विकास कार्यों को सामने रख कर जनता के बीच बना रहना चाहती है जिससे चुनाव में फायदा दे सकता है।

### 2027 में हैट्रिक लगाएंगे योगी या अखिलेश करेंगे वापसी?

आंकड़े बताते हैं कि यूपी में 5 प्रतिशत वोट का स्विंग 100 सीटें बदल देता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा इंडी गठबंधन व भाजपा गठबंधन में अंतर 0.4 प्रतिशत ही था। मगर सीट का अंतर बड़ा था। ऐसे में सपा को बूथ तक संगठन खड़ा करने और पीडीए को जमीन पर उतारने की जरूरत है। इसी के बल पर विपक्ष 2022 वाला 36 प्रतिशत वोट बैंक बढ़ाकर 43 प्रतिशत की छलांग लगा सकता है लेकिन अगर संगठन की कमजोरी रही, तो भाजपा की माइक्रो-मैनेजमेंट और लाभार्थी राजनीति 2027 में हैट्रिक लगा सकती है फिलहाल यह बात अब चर्चा का विषय है कि क्या अखिलेश वापसी करेंगे या फिर योगी हैट्रिक मरेंगे।

# कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने किला रोड के व्यापारियों की जनसमस्याएं सुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को किला रोड जेल चुंगी पर वार्ड 46 में न्यू प्रभातनगर गली न 3 निर्माण कार्य का शुभारंभ करने आए विधायक अमित अग्रवाल ने क्षेत्र का दौरा किया। साथ में उन्होंने लोगों की जनसमस्या को सुना। इस दौरान किला रोड व्यापार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में बाजार की समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों ने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, निगम की कूड़े की गाड़ियों के कारण होने वाली गंदगी के साथ जाम संबंधित समस्या को अवगत कराया। आशीष अग्रवाल द्वारा आगामी होने वाले सड़क चौड़ीकरण संबंधित समस्याओं को रखा कैंट विधायक अमित अग्रवाल द्वारा समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद हर्षपाल सिंह, व्यापार संघ महामंत्री दिनेश चौधरी, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह, सुमित बंसल, मल्लिकार्जुन शर्मा, परवीन गुप्ता, मनीष रस्तौगी, सचिन शाक्य, अनिल शर्मा, अक्षय गोयल आदि उपस्थित रहे।



# क्रिस्टल अवार्ड से सम्मानित हुए सुभारती फाइन आर्ट्स डीन प्रो. पिंटू मिश्रा

■ कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नृत्य, संगीत एवं फैशन की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजे भव्य समारोह के बीच प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा को 'क्रिस्टल अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कला एवं फाइन आर्ट्स के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, रचनात्मक कार्यों तथा युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समीर खुर्शीद, डायरेक्टर 'बिट्स ऑफ डांस' द्वारा किया गया, जिसमें शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियाँ एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के फाइन आर्ट्स विभाग के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने अपने कार्यों एवं कलात्मक उपलब्धियों के माध्यम से सुभारती विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इससे पूर्व भी उन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा कई सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। इस अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा का यह सम्मान सम्पूर्ण सुभारती परिवार के लिए गर्व का विषय है। वहीं सुभारती विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डॉ. पिंटू मिश्रा की उपलब्धि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं युवा कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी रचनात्मक सोच और समर्पण ने फाइन आर्ट्स के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ स्थापित की हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि क्रिस्टल अवार्ड 2026 प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत गौरव एवं भावनात्मक क्षण है। मैं इस सम्मान के लिए आयोजकों, मुख्य अतिथि टेरेस लुईस एवं सभी कला प्रेमियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से मैं सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा एवं सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज एवं पूरे सुभारती परिवार का धन्यवाद करता हूँ, जिनके निरंतर सहयोग और प्रेरणा से मुझे कला के क्षेत्र में कार्य करने की ऊर्जा मिलती रही है।



# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मूर्ति शरारती तत्वों ने की क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के शास्त्री नगर क्षेत्र में देश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'आयरन लेडी' की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आई, जिसमें असामाजिक तत्वों द्वारा प्रतिमा के दोनों हाथ तोड़ दिए गए। इस घटना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला एवं विशाल वशिष्ठ मौके पर पहुंचे और पूरे प्रकरण की जानकारी ली। क्षतिग्रस्त प्रतिमा को ठीक कराया जा चुका है। पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि यह घटना केवल एक प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों एवं महान नेताओं के सम्मान पर हमला है। उन्होंने प्रशासन से मांग की मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड अध्यक्ष अमित शर्मा, अजय चौधरी, सहरयाब मुखिया, विनय उपाध्याय, अजीम प्रधान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजल ने मौके पर सुनाई खरी खोटी

# महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूत महासभा ने किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राजपूत महासभा जनपद मेरठ द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन महाराणा प्रताप चौक, बच्चा पार्क स्थित प्रतिमा प्रांगण में बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रातः हवन से हुआ, जिसमें सभी ने आहुति दी पश्चात महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, मातृशक्ति एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विशेष रूप से मेरठ के एसपी सिट विनायक गोपाल भोंसले ने कार्यक्रम में शिरकत कर हिंदू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

महासभा के अध्यक्ष ठा. अनूप सिंह राघव ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का त्याग, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि महाराणा ने घास की रोटी खाकर भी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण कर राष्ट्र व धर्म की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठा. अनूप सिंह राघव ने की तथा संचालन महासचिव बनी सिंह चौहान द्वारा किया गया। हवन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ठा. अनूप सिंह राघव, बनी सिंह चौहान, सुखपाल सिंह भाटी, भविचंद कुशवाहा, आलोक सिसोदिया, सुभाष चौहान, देवेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, चंद्रपाल सिंह सोम, नवल सिंह राघव, शीतल गहलोत, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, सुनील सोम, नवल सिंह सोम, हिमांशु चौहान, सत्यवीर सिंह कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, राजेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार भाटी, अनिल पुंडीर, जयवीर सिंह सोम, लेखराज सिंह, चंदन सिंह पटवाल, विजय राघव, निरंजन सिंह पुंडीर, प्रमोद कुमार सोम, राजेंद्र चौहान, आर.पी. सिंह राघव, अभय प्रताप सिंह, मनु प्रताप सिंह, विश्वेंद्र सिंह राघव, ए.के. सिंह, दयानंद सिंह सोम, सोमपाल सिंह, धर्मवीर सिंह तोमर एडवोकेट, नरेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट, उपेंद्र कुमार पुंडीर, अमरेश कुमार, शिवकुमार सोम, अनिल तोमर, विशाल चौहान, धर्मवीर सिंह पुंडीर, देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, प्रेमपाल सिंह चौहान, राजवीर सिंह चौहान, सतबीर सिंह, यशपाल पवार, रमेश सिंह सोलंकी, विनोद परमार, दीपक तोमर सहित अनेक वरिष्ठ एवं सम्मानित जन उपस्थित रहे।



# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 'मदर्स डे'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को 'मदर्स डे' बड़े उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने दीप प्रज्वल्लित करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने मातृशक्ति के सम्मान में अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। जिनमें 'करो मात-पिता, गुरू, प्रभु चरणों में, 'तु कितनी अच्छी है' आदि गीतों पर शानदार नृत्य का आयोजन किया। इसके अलावा गीतों, कविताओं एवं भाषण के द्वारा भी बच्चों ने अपने हृदय के उद्गारों को प्रकट किया तथा बच्चों ने कार्ड मेकिंग व पोस्टर मेकिंग आदि गति. विधियों में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि माँ की ममता जीवन की अनमोल निधि है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए। स्कूल के प्रधानाचार्या डा. प्रवीन कुमार पथरा ने बच्चों को मदर्स डे की बधाईयां दीं तथा शिक्षकों व बच्चों द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में चालान निस्तारण न होने से मायूस लौटे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कचहरी में शनिवार यानी 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों को उम्मीद के मुताबिक राहत नहीं मिल सकी। खासकर ट्रैफिक चालान और जुर्माने से जुड़े मामलों में बड़ी संख्या में फरियादी खाली हाथ लौटे।




### क्या हुआ लोक अदालत में?

लोक अदालत में पहुंचे वाहन स्वामियों ने जब अपने लंबित चालानों के निस्तारण की बात कही तो काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों ने यह कहकर मना कर दिया कि चालान से संबंधित कागजात अभी तक आरटीओ कार्यालय में ही हैं, हमारे पास नहीं आए हैं। हमने मंगाए भी नहीं हैं। फिलहाल इनका निस्तारण नहीं होगा। इसके चलते सुबह से लाइन में लगे दर्जनों लोग मायूस होकर वापस लौट गए। कई लोगों का कहना था कि वे सुबह से छूट की उम्मीद में आए थे, लेकिन यहां आकर पता चला कि चालान का काम होगा ही नहीं।

### अधिवक्ताओं ने भी जताई नाराजगी

लोक अदालत में मौजूद कई अधिवक्ताओं ने भी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य ही छोटे-छोटे मामलों का त्वरित निस्तारण और जुर्माने में छूट देकर लोगों को राहत देना है लेकिन यहां न तो चालान कम हो रहे हैं और न ही जुर्माने में कोई छूट दी जा रही है। ऐसे में लोगों का रुझान कम होना स्वाभाविक है।

### लोगों की भीड़ रही कम

पिछली लोक अदालतों के मुकाबले इस बार परिसर में भीड़ काफी कम दिखी। फरियादियों का कहना था कि जब चालान जैसे सबसे ज्यादा लंबित मामलों का निपटारा ही नहीं होना है तो आने का फायदा क्या। कुछ लोग आरटीओ से संबंधित कागज न पहुंचने को विभागों के बीच तालमेल की कमी बता रहे थे।

### क्या है राष्ट्रीय लोक अदालत?

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। इसमें बैंक रिकवरी, बिजली-पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस और ट्रैफिक चालान जैसे मामलों का आपसी सुलह-समझौते से निस्तारण कर जुर्माने में छूट दी जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

# शोभित विश्वविद्यालय में मनाई गई ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ एवं 70 यूपी बटालियन एनसीसी, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, कुलसचिव डॉ. पंकज राणा, डॉ. अशोक गुप्ता, डीन एकेडमिक्स, डॉ. गणेश भारद्वाज, लेफ्टिनेंट डॉ. कुलदीप कुमार तथा 3/70 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स एवं स्टाफ ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा, सम्मान एवं देशभक्ति की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सैन्य बलों के अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए देशसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

# मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक स्किल लैब का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को मेडिकल कॉलेज मेरठ के एलाइड एवं हेल्थकेयर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों हेतु एक अत्याधुनिक 'स्किल लैब' (कौशल प्रयोगशाला) का भव्य उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता, उप प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टांक, एलाइड एवं हेल्थकेयर पाठ्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. एस के पालीवाल, डीन डॉ. योगेश मणिक तथा मुख्य समन्वयनक डॉ. नेहा सिंह के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने बताया कि एलाइड एवं हेल्थकेयर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के कोर्स कैरिकुलम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, यह लैब छात्रों को आर्टिफिशियल मॉडल और आधुनिक सिमुलेशन तकनीकों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण देगी। उप प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टांक ने बताया कि इसका उद्देश्य एलाइड एवं हेल्थकेयर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की विशेषज्ञता बढ़ाना और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। एलाइड एवं हेल्थकेयर पाठ्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ एस के पालीवाल ने स्किल लैब की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया कि यह लैब में हाई-टेक मैनीकि और सिमुलेटर उपलब्ध हैं, जो वास्तविक रोगियों जैसी स्थितियां उत्पन्न करते हैं। डीन डॉ. योगेश मणिक ने कहा कि इससे। छात्रो को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलने में आसानी होगी व छात्र नियंत्रित वातावरण में 35 से अधिक बुनियादी और उन्नत नैदानिक कौशल सीख सकेंगे।



मुख्य समन्वयक डॉ नेहा सिंह ने विशेषज्ञ देखरेख के संबंध में बताया कि वरिष्ठ फैकल्टी और योग्य प्रशिक्षकों की देखरेख में छात्र बार-बार कौशल का अभ्यास कर सकेंगे, लैब में विभिन्न अनुभाग, जैसे- लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर और सिमुलेशन स्टेशन आदि स्थापित हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज मेरठ के संकाय सदस्य, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो किशोरों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** महलका लावड़ मार्ग गांव समसपुर के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से दो किशोरों की मौत हो गई। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई ग्रामीण घायलों को लेकर अस्पताल दौड़े जब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। अल्तमश अपने परिवार में इकलौता पुत्र था। परिजनों से मिलीं जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव महलका निवासी खालिद का 14 वर्षीय पुत्र अल्तमश व कल्लू का 15 वर्षीय पुत्र मासूम शुक्रवार को देर शाम बाइक पर सवार होकर लावड गए थे। वापस लौटते वक्त महलका लावड़ मार्ग पर गांव समसपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीण घायलों को लेकर मोदीपुरम प्राइवेट अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। दोनों को ग्रामीण गांव महलका ले आए। बताया गया कि मृतक अल्तमश अपनी तीन बहनों में इकलौता भाई था। जबकि





मासूम की एक बहन है दोनों के शव गांव पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा तो परिजनों ने इनकार कर दिया। शनिवार शाम दोनों नवयुवकों को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

# क्रांति दिवस की पूर्व संध्या पर वीर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय वाल्मीकि आदि धर्म समाज रजि. भारत भावाधस द्वारा क्रांति दिवस की पूर्व संध्या पर 1857 की क्रांति के महानायक वीर बलिदानी मातादीन वाल्मीकि सहित समस्त क्रांतिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर वीर सपूतों को नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष लोकेश टंडन ने कहा कि मातादीन वाल्मीकि ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज को उनके बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति में मातादीन वाल्मीकि का योगदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने युवाओं से राष्ट्रहित और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान मोनिंदर सूद वाल्मीकन, रविंद्र वाल्मीकि उपस्थित रहे।

# किठौर में सुपरवाइजर और बेटे से मारपीट

## सफाई कर्मचारियों ने थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर कस्बे में सफाई सुपरवाइजर और उनके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने खराब सफाई का आरोप लगाते हुए सुपरवाइजर ब्रह्मपाल और उनके बेटे सागर को पीटा, जिससे दोनों घायल हो गए। इस घटना के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया और कार्रवाई की मांग को लेकर सफाई वाहनों के साथ थाने का घेराव किया। यह घटना किठौर थाना क्षेत्र के कस्बा किठौर में हुई। घटना इंटर कॉलेज के पास की बतायी जाती है। बताया गया है कि कस्बे के कुछ लोगों ने सुपरवाइजर पर सही सफाई न कराने का आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने सुपरवाइजर से मारपीट की। जब उनके बेटे बचाव में आए, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। कस्बा किठौर निवासी सफाई कर्मी सुपरवाइजर ने बताया कि वह नगर पंचायत में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। सुबह वह अपने क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों से काम करवा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन पर सही काम न करने का आरोप लगाकर हमला कर दिया। इस मारपीट में वह घायल हो गए। पिता के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर जब उनका बेटा मौके पर



पहुंचा, तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे दोनों पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। घटना से गुस्साए सफाईकर्मियों ने तत्काल प्रभाव से सफाई व्यवस्था ठप कर दी। वे अपने सफाई वाहनों के साथ किठौर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि सफाई को लेकर मारपीट की घटना हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही यह बात भी कस्बे में चर्चा का विषय बनी रही कि घटना एक महिला के प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर की गई है।

# आज मनाया जाएगा एनआरपी दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करने और जन्म के समय प्रभावी पुनर्जीवन सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से National Neonatology Forum India द्वारा 10 मई को पूरे देश में एनआरपी दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में मेरठ में भी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा, जहां शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा वर्मा के निर्देशन में स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात शिशुओं की देखभाल और पुनर्जीवन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अमित उपाध्याय और डॉ. प्रियंका गुप्ता रहेंगे। आयोजकों के अनुसार इस अभियान के तहत देशभर में 998 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें करीब 20 हजार स्वास्थ्यकर्मी भाग ले रहे हैं। मेरठ में आयोजित प्रशिक्षण में 55 प्रतिभागी शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निरूशुल्क रहेगा और सरकारी व निजी दोनों क्षेत्रों के स्वास्थ्यकर्मी इसमें भाग लेंगे। इस दौरान डॉ. संदीप गर्ग उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर रामराज में धूमधाम एवं ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** ग्राम सैफपुर फिरोजपुर रामराज में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शनिवार को शोभायात्रा बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे नगर में देशभक्ति, वीरता और राष्ट्रभक्ति के जयघोष गूंजते रहे। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह सड़क किनारे स्टॉल लगाकर मीठे शरबत एवं सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। जिससे शोभायात्रा का माहौल और भी भक्तिमय एवं आकर्षक बन गया। शोभायात्रा हस्तिनापुर मुख्य मार्ग स्थित विश्वकर्मा धर्मकांटा समीप अनाज मंडी से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए सनातन धर्म मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का शुभारंभ सरधना पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम, समाजसेवी ठाकुर जयपाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय के नारों से वातावरण




गुंजायमान हो उठा। इसके बाद शोभायात्रा शिव चौक, रामराज चौकी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए मोहल्ला आशारामपुरी पहुंची। वहां से यात्रा मोहल्ला आर्य नगर, बुधनगर, मायापुरी से गुजरते हुए पुन: हस्तिनापुर मुख्य मार्ग स्थित जाटव चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने लोगों का मन मोह लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायाा का भव्य स्वागत किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी रविंद्र पंवार पुलिसकर्मियों को साथ लेकर मुस्तैद खड़े रहे। सभा का संचालन रकम सिंह चौहान ने किया।

# ऋषभ एकेडमी में क्रांति दिवस पर देशभक्ति नाटक का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में शनिवार को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एवं क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नाटक



प्रस्तुत कर दर्शकों को भावुक कर दिया। छात्रों ने औघड़नाथ मंदिर से शुरू हुई क्रांति की ज्वाला को मंच के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। नाटक में महान क्रांतिकारी धनसिंह कोतवाल और मंगल पांडे के साहस, बलिदान और देशप्रेम को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार मेरठ की धरती से उठी स्वतंत्रता की चिंगारी पूरे देश में फैल गई और अंग्रेजी शासन के खिलाफ जनक्रांति का रूप ले लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति नारों से गूंज उठा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, त्याग और अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी का संदेश दिया।

# प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छिपी टैंक स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 2 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

छात्रों द्वारा वेस्ट मटेरियल से आकर्षक एवं उपयोगी डिजाइन तैयार किए गए। बच्चों ने प्लास्टिक की खाली बोतलों, पुराने अखबारों तथा अन्य अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर सुंदर कलाकृतियां बनाई, जिन्हें देखकर अभिभावक एवं शिक्षक काफी प्रभावित हुए। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण तथा पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या ए. डीन ने किया। इस



अवसर पर विद्यालय में पीटीएम का आयोजन भी किया गया। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति के साथ-साथ उनकी कला प्रतिभा देखने का अवसर मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आर्ट टीचर्स एवं व्हाइट हाउस के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों की रचनात्मक सोच और मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सदर में भूमिगत गैस पाईप लाइन फटने से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित वार्ड-6 में शनिवार को सड़क खुदाई के दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पानी की लाइन दुरुस्त करने के लिए चल रहे कार्य के बीच अचानक भूमिगत हाई प्रेशर गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके बाद तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हो गया। घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। बताया गया है कि कैंट बोर्ड की ओर से क्षेत्र में जलापूर्ति से जुड़ी खराबी को ठीक कराने का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान जेसीबी मशीन से सड़क की खुदाई की जा रही थी। खुदाई के समय मशीन गैस पाइपलाइन से टकरा गई, जिससे पाइपलाइन फट गई और तेजी से गैस निकलने लगी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस, सदर बाजार थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा को देखते हुए आसपास के लोगों को वहीं, सूचना पर गेल गैस कंपनी के अधिकारी और तकनीकी टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल गैस सप्लाई को बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया। काफी देर की मशक्कत के बाद रिसाव पर काबू पा लिया गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गैस रिसाव के दौरान इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि समय रहते राहत कार्य शुरू होने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# मूर्ति तोड़ने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई तो कांग्रेस करेगी आंदोलन: रंजन शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्रीनगर क्षेत्र स्थित के. ब्लॉक में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मूर्ति पिछले लगभग 36-38 वर्षों से स्थापित है। बीती रात्रि असामा. जिक तत्वों द्वारा मूर्ति के दोनों हाथ क्षतिग्रस्त कर दिए गए, जो अत्यंत शर्मनाक, निंदनीय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

पूर्व भी असामाजिक तत्वों द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया जा चुका है। जिसकी जानकारी समय रहते प्रशासन को दे दी गई थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस मेरठ महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा मौके पर पहुंचे तथा मेरठ के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर दोषियों के विरुद्ध तत्काल कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो कांग्रेस मेरठ महानगर बड़ा जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। कांग्रेस मेरठ महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि क्षतिग्रस्त मूर्ति की मरम्मत कर औपचारिकता



पूरी करने के बजाय उसी स्थान पर तत्काल नई एवं भव्य मूर्ति स्थापित की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मूर्ति पर हमला नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास, संविधानिक मूल्यों और करोड़ों कांग्रेसजनों की भावनाओं का अपमान है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस ने डॉ. संजय जैन को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा बाईपास स्थित ग्रैंड ड्रीम रिजॉर्ट में बीओडी प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिस इंडिया सुपर मॉडल हंट एवं डांस बूस्टर सीजन-10 का ग्रैंड फिनाले भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध बॉलीवुड कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. संजय जैन सी.ए को टेरेंस लुईस ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौरव चौधरी, डॉ. ओपी अग्रवाल तथा सोफिया गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर मीना विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। देशभर से आए 400 से अधिक बच्चों ने मॉडलिंग और डांस में शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन समिति के अनुसार संस्था पिछले 16 वर्षों से युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है और अब तक 200 से अधिक प्रतिभागी फिल्म एवं रियलिटी शो जगत में पहचान बना चुके हैं।



# मंदिर में पुजारी के साथ मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के गांव ढडरा में मंदिर में सफाई करते समय पुजारी के साथ मारपीट कर दी थी जहां मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने पीड़ित को पास अस्पताल में उपचार कराया और पीड़ित पुजारी स्वामी सुरेश आनंद पुत्र स्वामी तारकानंद की तहरीर पर आरोपी के खिलाप मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। वहीं शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई भोला चौकी इंचार्ज आदेश कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर मानसबगढ़ पुल के पास से गिरफ्तार कर दिया। आरोपी की पहचान गुरु वचन पुत्र मेघराज निवासी ढडरा के रूप में हुई आरोपी चालान कर दिया।




# भुपगढी में मिला घायल हिरन ग्रामीणों ने कराया इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के गांव भुपगढ़ी में एक घायल हिरन मिलने से हड़कंप मच गया। हिरण किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गया जो जंगलों के रास्ते गांव से गांव में आ पहुंचा।

तभी ग्रामीणों ने पशु चिकित्सकों और वन विभाग को कई बार फोन किया लेकिन किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया। काफी जद्दोजहद के बाद ग्रामीणों ने खुद ही घायल हिरण का उपचार कराया और उसकी जान बचाई। गांव के कुछ युवाओं और ग्रामीणों ने पानी पिलाया और उसके घाव पर दवाई लगाकर उपचार किया। फोन करने के बाद भी वन विभाग का कोई भी अधिकारी मौके



पर नहीं पहुंचा वहीं ग्रामीणों ने दोपहर बाद दोबारा जब वन विभाग के अधिकारियों को फोन किया तो उनकी नींद जागी और तभी जाकर घायल हिरण को उपचार कराया और अपने साथ ले गए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पशुओं से हमेशा प्रेम करना चाहिए, इंसान बोल सकता है पशु अपने मुंह से कुछ नहीं बोल सकता। वहीं घायल हिरण को उपचार होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने ग्रामीणों की सराहना की।

# दशमेश स्कूल में मदर्स डे का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल मदर्स डे बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर सिम्मी सहोता व प्रधानाचार्य आमिर खान ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, भाषण, गीत, कविताएं एवं नाटक के माध्यम से अपनी माता के प्रति अपने प्रेम, सम्मान एवं आभार को व्यक्त किया। सभी ने अपनी मां के प्यार को अलग-अलग अंदाज में पेश किया, यह देखकर विद्यालय परिसर आनंद एवं उत्साह से भर गया। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता ने सभी माता को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आमिर खान व स्टाफ उपस्थित रहा।



## प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने दिलाई बार के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ

# अधिवक्ता ही न्याय के सच्चे प्रहरी: अवनीश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सैना ने कहा कि अधिवक्ता का पेशा निरंतर सीखने व संघर्ष का पेशा है तथा युवा अधिवक्ताओं को अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के प्रहरी होते हैं व न्याय की स्थापना के लिए बार एवं बेंच के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है।

जोया रोड स्थित होटल में बार एसोसिएशन की निर्वाचित कार्यकारिणी कोप शपथ ग्रहण करायी गयी। प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अधिवक्ता का पेशा सीखने और संघर्ष का पेशा है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं को अनुशासन और मेहनत के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के प्रहरी होते हैं और न्याय की स्थापना के लिए बार एवं बेंच के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है। उन्होंने बार एसोसिएशन की समस्याओं के समाधान का भरोसा भी दिलाया। विशिष्ट अतिथि जिला जज विवेक ने भी बार और बेंच को न्याय व्यवस्था के दो मजबूत स्तंभ बताते हुए आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कपिल कुमार चिकारा ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और अधिवक्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। महासचिव अरशद हुसैन भारती ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में विवेक जी, लोकेश राय, मधुलिका चौधरी, प्रवीर सिंह एड., मुदित माथुर एड., महावीर सिंह, खालिक उज्जमा एड., तेजपाल सिंह एड., अवनीश शरण बंसल एड., अली इमाम रिजवी एड., मोहन सिंह एड., सतीश त्यागी एड., सलीम खान एड. ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जुल्फिकार खां, बलविन्दर सिंह, अतुल सक्सेना, विवेक नारायण शर्मा, चन्द्रवीर सिंह, अमित कुमार जैन, मो. यासिर अंसारी, सैयद आदिल, अबू सूफियान, मुस्तफा सुहैल, मोहम्मद इजहार, मोहम्मद फैज, मेहंदी हसन, शैलेन्द्र शर्मा, नंदराम सिंह राणा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मंडल आयुक्त व डीआईजी ने लिया तैयारीयों का जायजा

## मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधितों को दिए सख्त निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत मेरठ मंडल आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी, डीआईजी कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने आज मोजीजाबाद नांगल मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का गहन भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिका. रियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर कार तालाब में गिरी, तीनों युवकों को निकाला सुरक्षित बाहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर महनवा गांव में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। नोएडा से शादी समारोह से लौट रही एक तेज रफ्तार वैगनआर कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। कार में सवार तीनों युवकों को राहगीरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बताया गया कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण कार का संतुलन बिगड़ गया। कार में बसा टिकरी निवासी अरविंद और पवन, तथा मितली निवासी अभिमन्यु शर्मा सवार थे। कार के पानी में डूबने पर तीनों युवक फंस गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत तालाब में कूदकर तीनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को तालाब से बाहर निकलवाया।

टटीरी चौकी प्रभारी सीमा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कार सवार तीनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## सदस्य स्वराज पाल दुहूण ने शिक्षक शिक्षिकाओं से किया सम्पर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक मण्डल के सदस्य स्वराज पाल दुहूण ने जिलाध्यक्ष डा.राजवीर सिंह, पूर्व जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष सुभाष दुहूण के साथ जनपद बागपत के आदर्श शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज किरठल, जनता इण्टर कॉलेज लूम्ब, जन विजय इण्टर कॉलेज कूडी-नांगल, श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज छपरौली, अजीत नाथ इण्टर कॉलेज शेरपुर लुहारा तथा आदर्श विद्यालय इण्टर कॉलेज नंगला-सिनौली में शिक्षक शिक्षिकाओं से सम्पर्क कर 15-16 मई 2026 में संगठन के विंध्याचल मिर्जापुर में होने वाले ग्रीष्मकालीन सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया तथा संगठन की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए उनकी समस्याएं सुनी। इसी के साथ -साथ संगठन की सदस्यता भी ग्रहण कराई।

शिक्षक शिक्षिकाओं ने दुहूण के विचारों को गम्भीरता से लेते हुए, अत्यंत उत्साह दिखाया तथा अधिक से अधिक संख्या में ग्रीष्मकालीन सम्मेलन में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया।

## भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने दी प्रदेश अध्यक्ष को बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन चौधरी ने केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को उनके आवास 35 लोधी इस्टेट दिल्ली पर पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भाजपा की प्रचण्ड जीत की शुभकामनाएं दी और आगामी विधानसभा 2027 चुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के बीच चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि संघठन के सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और 2027 विधानसभा में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर उत्तर प्रदेश में फिर से प्रचण्ड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी चाहिए। जिलाध्यक्ष नितिन चौधरी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को जनपद बागपत आगमन का न्योता दिया गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर उन्होंने जल्दी ही जनपद बागपत में आगमन का आश्वासन भी दिया।

## एक नजर

### दो हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**छपरौली।** मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नांगल गांव निवासी दीपक की कुछ महीने पहले दुकान से सामान लेने को लेकर हुए विवाद की रंजिश के चलते पड़ोस के चार लोगों ने लोहे की राड व डंडों से पीट-पीटकर शुक्रवार की रात को उसकी दर्दनाक हत्या कर दी थी। छपरौली ने पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तहरीर देने थाने पहुंचे नांगल गांव निवासी मृतक के चाचा ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि उसके भतीजे दीपक ने गांव में किराना की दुकान कर रखी थी। कुछ बीते माह पहले पड़ोस में रहने वाले अमित से सामान लेने को लेकर विवाद हो गया था, जिसको गांव वालों ने मौके पर ही सुलझा दिया था। और दोनो का मनमुटाव दूर करा दिया था , आरोप है, कि अमित ने इसी बात की मन में रंजिश रखते हुए प्लानिंग के तहत शुक्रवार की रात करीब 8 बजे कपिल उर्फ काला के द्वारा दीपक को खेत से मोटरसाइकिल पर बैठाकर गांव के कुलदीप के घेर के पास बुलाया। जहां प्लानिंग के अनुसार अमित, मोहित, आनंद व कपिल उर्फ काला ने लोहे की राड व डंडों से दीपक के सिर में कई वार कर दिये। जिससे दीपक बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर शराबा सुनकर स्वजन व ग्रामीण इकट्टा हुए तो आरोपित मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि वह तुरंत ही दीपक को सीएचसी छपरौली लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। उसके बाद स्वजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा कर भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। छपरौली इंस्पेक्टर आशीष पुंडीर ने बताया कि मृतक के चाचा ब्रह्मपाल की तहरीर के आधार पर अमित, मोहित, आनंद व कपिल उर्फ काला के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिसमें आरोपित अमित व उसके पिता आनंद को गिरफ्तार कर लिया। तथा उनकी निशान दही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की राड व डंडा बरामद कर लिया। बाकी आरोपियो के खिलाफ दबिश दी जा रही है। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाऐगा।

## हत्या के मामले फरार दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुठभेड़ के बाद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से एक अभियुक्त घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये दोनों अभियुक्त एक हत्या के मामले में वांछित थे।

पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि बाइक पर सवार दो व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस पर बागपत शहर कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने घेराबंदी की। मुठभेड़ के दौरान एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल अभियुक्त की पहचान समीर के रूप में हुई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरे गिरफ्तार अभियुक्त का नाम नूर मोहम्मद है। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। सीओ विजय चौधरी ने बताया कि 26 अप्रैल को निरोजपुर संतोषपुर रजवाहे के पास एक व्यक्ति का शव मिला था। उसकी पहचान कस्बा बागपत निवासी कृष्ण के रूप में हुई थी। परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था और बागपत एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम इस घटना की गुत्थी सुलझाने में जुटी थी। फिलहाल इस हत्याकांड में शामिल तो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है फिलहाल, घायल बदमाश का उपचार जारी है और दूसरे गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस टीम पूरे मामले की गहन छानबीन कर रही है।

## खेकड़ा में खाटू श्याम निशान यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में शुक्रवार देर शाम भगवान खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गौशाला स्थित खाटू श्याम मंदिर में बाबा श्याम की मूर्ति स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। इसमें कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

निशान यात्रा का शुभारंभ गौशाला स्थित खाटू श्याम मंदिर से हुआ। यह यात्र कस्बे के मुख्य मार्गों और बाजारों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में निशान ध्वज लेकर बाबा के भजनों पर झूमते रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए खेकड़ा पुलिस मुस्तैद रही। पुलिसकर्मी यात्रा के साथ मौजूद रहे, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक तत्वों की गतिविधि को रोका जा सके। राष्ट्रीय गौ रक्षा दल बुलडोजर टीम द्वारा सबसे बड़ा निशान ध्वज चढ़ाया गया, जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इस आयोजन में किशन गुप्ता, विपिन, राजकुमार, विक्की, ईलू, राजेश, संदीप, अमित, गौरव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।में देर रात तक भक्तिमय माहौल बना रहा।

## महिला ने पड़ोसी पर नींव उखाड़ने गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप

**खेकड़ा।** कस्बे में एक महिला ने अपने पड़ोसी पर उत्पीड़न और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि पड़ोसी ने उनके प्लॉट पर दो बार नींव उखाड़ दी। पीड़िता ने खेकड़ा थाने में शिकायत कर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। सुन्हैड़ा निवासी सुषमा पत्नी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अनुसूचित जाति समुदाय से हैं। उनका कस्बा खेकड़ा स्थित गांधी स्कूल के पीछे 50 गज का एक प्लॉट है। उन्होंने यह प्लॉट राजेश पत्नी सत्यपाल सिंह से खरीदा था और सभी दस्तावेज उनके नाम पर हैं। सुषमा के अनुसार, उन्होंने अपने प्लॉट पर दो बार नींव भरवाई, लेकिन दोनों ही बार बराबर के प्लॉट के मालिक ने नींव की ईंटें उखाड़ दीं। आरोप है कि जब उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, तो आरोपी गाली-गलौच करने लगा। महिला ने बताया कि 8 मई को भी आरोपी ने दोबारा नींव की ईंटें उखाड़कर फेंक दीं। विरोध करने पर आरोपी ने कथित तौर पर खून-खराबे की धमकी दी और निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दी। सुषमा ने अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## प्यासे जीवन को राहत-मानवता की सच्ची पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के प्रेरणादायी नेतृत्व में जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर पशु-पक्षियों के लिए वाटर बाउल/वॉटर वॉल की व्यवस्था की जा रही है। भीषण गर्मी में यह छोटी-सी पहल हजारों बेजुबान जीवों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है।

गर्मी के इस मौसम में जब जल स्रोत सीमित हो जाते हैं, तब ऐसे प्रयास हमारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। एक छोटा सा बर्तन, एक कटोरी पानी-किसी की जान बचा सकता है। आप भी इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें-अपने घर, छत, गली या आसपास के स्थानों पर पानी से भरे बर्तन रखें और रोजाना उन्हें भरते रहें।

## थाना समाधन दिवस 7 में से 3 शिकायतों का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

समाधान दिवस में खेकड़ा तहसील के उप जिलाधिकारी मनीष यादव, खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा और कानूनगो आनंद कुमार शर्मा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राप्त सभी सात शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तीन मामलों का तत्काल समाधान किया। शेष लंबित चार शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष मुख्य रूप से भूमि विवाद, आपसी झगड़े और अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं को उठाया। अधिकारियों ने सभी मामलों में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आ्रवासन दिया।

## तीन लोगों ने की एक युवक की पीट-पीटकर हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला बागपत की प्रसिद्ध शूटर दादी प्रकाशी तोमर, जिनके प्रेरणादायी जीवन एवं संघर्ष पर आधारित बॉलीवुड फिल्म सांड की आंख निर्मित की गई है, के द्वारा स्वगणना की गई।

जनगणना कार्य निदेशालय, लखनऊ से बागपत जिले की जनगणना प्रभारी शिप्रा गुप्ता ने उन्हें स्वगणना जोकि 7 मई से 21 जून तक चलेगी एवं जनगणना के प्रथम चरण मकानसूचीकरण जोकि 22 मई से 20 जून तक चलेगा, के विषय में बताया। इस अवसर प्रकाशी तोमर जी के पुत्र एवं पोते भी उपस्थित थे। तथा बड़ौत तहसील के लेखपाल संदीप कुमार एवं अनिल कुमार भी उपस्थित थे। दादी प्रकाशी तोमर ने आमजन से आहवान किया कि भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी नागरिक बढ़-चढ़कर सहयोग करें तथा राष्ट्रहित में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सरकार की डिजिटल जनगणना पहल में सक्रिय सहभागिता निभाने एवं अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़कर राष्ट्रहित में अपना योगदान देने की अपील की।

## नशे और मोबाइल की लत से बच्चों को दूर रखने का दिया गया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** चौधरी जन कल्याण समिति के तत्वाधान में सदस्यों द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के जिला बागपत में हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तुषार खोखर छपरौली, कुमारी पूर्वा गांव बदरखा ने पांचवा स्थान, सक्षम खोखर गांव छपरौली ने छठा स्थान प्राप्त किया।

इस पावन अवसर पर इन बच्चों को सम्मानित करने के लिए एक विशाल जनसभा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि छात्र-छात्राओं का सम्मान करना हम सभी लोगों का कर्तव्य बनता है हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित चौधरी सुधीर खोखर, चौधरी बाबूराम खोखर, पहलवान चौधरी देवेंद्र सिंह खोखर, चौधरी पवन कुमार एवं चौधरी जनकल्याण समिति के सभी सम्मानित सदस्यों इस कार्यक्रम को सराहनीय कदम बताया। सम्मानित मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं चौधरी जनकल्याण समिति के सम्मानित सदस्यों द्वारा इन बच्चों के गुरु जनों को इनके माता-पिता को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा इन प्रतिभाशाली बच्चों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं साइकिल देकर सम्मानित किया गया। नशे की लत एवं मोबाइल की लत से बच्चों को दूर रखने का संदेश दिया गया। अंत में अध्यक्ष ने शिक्षा शेरनी का दूध हैं, जो पीता हैं वो दहाड़ता हैं- भारत रत्न, भारत राष्ट्र संविधान निर्माता डा.भीम राव अम्बेडकर का ये संदेश सभा में दिया।

रामायण के एक प्रसंग का उदाहरण देते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी अपने बच्चों को शिक्षा देनी चाहिए, ऐसा संदेश दिया तथा अन्नदाता राजाओं का राजा होता हैं यह वाक्य कहकर किसानों का हृदय से सम्मान किया

एवं सभा में सभी आने वाले आगंतुकों का आभार प्रकट किया तथा इस आयोजन के आयोजन कर्ताओं का तहे दिल से सम्मान एवं आभार प्रकट किया। परम पिता परमात्मा से विश्व शांति, राष्ट्र उन्नति, राष्ट्र सेवा, राष्ट्र हमारा माता पिता, राष्ट्र हमारा धर्म एवं कलयुग में संगठन की एकता में शक्ति हैं यह संदेश दिया। इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित लोग छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## खेत में बोई फसल ट्रैक्टर से जोती, दो भाइयों पर धमकी देने और खेत पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**खेकड़ा।** क्षेत्र के बड़ागांव निवासी देवेंद्र त्यागी और ख्रष्ण त्यागी ने खेकड़ा थाना में शिकायत की है, रावण ऊँ बड़ा गांव निवासी इन भाइयों ने सैदपुर कला गांव के दो व्यक्तियों पर खेत में बोई फसल को ट्रैक्टर से जोतने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ितों के अनुसार, सैदपुर कला में उनका एक खेत है। यह खेत पहले सैदपुर कला के ही एक व्यक्ति को उगाई (ठेके) पर दिया गया था। आरोप है कि उस व्यक्ति ने उगाई का कोई भुगतान नहीं किया। इसी वजह से इस बार देवेंद्र और कृष्ण ने खेत में स्वयं बुवाई की थी और फसल बोई थी। देवेंद्र और कृष्ण ने बताया कि शनिवार सुबह जब वे अपने खेत पर पहुंचे, तो वहां सैदपुर निवासी दोनों भाई मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खनन माफियाओं का कहरः गांव में लगी विद्युत लाइन तहस-नहस

## डंफरों ने तोड़े दर्जनों बिजली के पोल, पूरे गांव की बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार अब ग्रामीणों की परेशानी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का कारण बनता जा रहा है। मिट्टी से भरे तेज रफ्तार डंफरों ने गांव में लगी विद्युत लाइन को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। भारी वाहनों की चपेट में आने से दर्जनों विद्युत पोल टूट गए, जिससे पूरे गांव की बिजली सप्लाई ठप हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से खनन माफियाओं के डंफर लगातार दौड़ रहे हैं। ओवरलोड और ऊंचाई तक भरे डंफर गांव की सड़कों से गुजरते हैं, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। बताया गया कि देर रात मिट्टी से भरे कई डंफर गांव से गुजर रहे थे। इसी दौरान डंफरों की टक्कर से सड़क किनारे लगे विद्युत पोल एक के बाद एक टूटते चले गए। देखते ही देखते कई पोल धराशायी हो गए और बिजली की लाइनें जमीन पर गिर गईं। घटना के बाद पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रातभर गांव अंधेरे में डूबा रहा। बिजली



न होने से पेयजल संकट भी खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से अवैध खनन की शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जाती है। घटना के बाद खनन माफिया मौके से डंफर लेकर फरार हो गए। वहीं ग्रामीणों ने टूटे हुए बिजली के पोल और क्षतिग्रस्त लाइन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है। थाना धौलाना क्षेत्र की इस घटना ने एक बार फिर अवैध खनन और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## ऑपरेशन शस्त्र अभियान में तमंचा और कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध और अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारत. ूस बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ के निर्देश पर जनपदभर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में थाना पिलखुवा पुलिस न्यू बस अड्डे के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अंकित पुत्र महीपाल निवासी ग्राम असरा मुरादपुर थाना हापुड़ देहात बताया। पुलिस ने मौके पर ही युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## महाराणा प्रताप जयंती की शोभायात्रा के बाद भड़की हिंसा, देहरा गांव में पथराव-तोड़फोड़ से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र के गांव देहरा में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के बाद मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट, पथराव और तोड़फोड़ में बदल गई। हिंसा इतनी बढ़ गई कि पूरे गांव में अफरातफरी और दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और कई घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। घटना में चार लोगों के घायल होने की सूचना है, जिनका उपचार कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गांव देहरा में महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई थी। इसी दौरान कुछ युवक गांव की एक दुकान पर गुटखा लेने पहुंचे। बताया गया कि वहीं किसी बात को लेकर दुकानदार और युवकों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट तक पहुंच गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट होते देख मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। देखते ही देखते भीड़ भी विवाद में शामिल हो गई और माहौल पूरी तरह हिंसक हो गया। दोनों ओर से जमकर पथराव शुरू हो गया। भीड़ के हाथ जो भी सामान लगा, उसी का प्रयोग किया गया। घटना के दौरान दुकान के बाहर लगे बिजली के मीटर तोड़ दिए गए, जबकि पास में खड़ी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हिंसा का असर



आसपास के घरों तक भी पहुंचा। एक घर के अंदर का दृश्य पूरी तरह बर्बादी की कहानी बयां कर रहा था। घर के अंदर सामान टूटा पड़ा मिला, बाइक क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली और फर्श पर खून के निशान दिखाई दिए। घर में जगह-जगह ईंट-पत्थर पड़े हुए थे, जिनका प्रयोग पथराव में किया गया था। गांव में चीख-पुकार और भगदड़ जैसे हालात बन गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को खदेड़कर स्थिति को नियंत्रित किया और गांव में गश्त बढ़ा दी। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एडीजी भानु भास्कर भी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। अधिकारियों ने गांव में शांति बनाए रखने की अपील करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है। फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात है और माहौल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

## मामूली कहासुनी में खूनी संघर्ष, जमकर चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव ददायरा में मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और दोनों ओर से हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए। घटना के दौरान पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

बताया गया कि गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। पहले तो आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन विवाद कुछ ही देर में बढ़ गया और दोनों ओर से लोग आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते लाठी-डंडे निकल आए और जमकर मारपीट शुरू हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है।

मारपीट के दौरान महिलाएं और बच्चे दहशत में घरों में छिप गए। कुछ लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन गुस्साए लोगों के सामने किसी की एक नहीं चली। घटना के दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना हापुड़ देहात पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और तहरीर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस सतर्क बनी हुई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड निस्तारण, हापुड़ में 2.34 लाख से अधिक मामलों का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। लोक अदालत का उद्घाटन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति एवं जनपद हापुड़ के प्रशासनिक जज न्यायमूर्ति हरवीर सिंह ने फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। लोक अदालत में रिकॉर्ड स्तर पर मामलों का निस्तारण करते हुए कुल दो लाख 34 हजार 214 मामलों का समाधान कराया गया, जबकि पांच करोड़ 16 लाख 81 हजार 443 रुपये का सेटलमेंट किया गया।

कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह प्रथम, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी गुरप्रीत सिंह बावा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीयूष पाण्डेय, अपर जिला जज अवनीश कुमार राय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सौरभ कुमार वर्मा समेत जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी, बैंक अधिकारी, अधिवक्ता और बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज अवनीश कुमार राय की देखरेख में पूरे आयोजन का संचालन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बड़ी संख्या में मामलों का शांतिपूर्ण समाधान कर न्याय व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया गया है। उन्होंने लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिका. रियों, पुलिस, बैंक कर्मियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## सुनवाई न होने पर महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी एक महिला ने बेटे की मौत के बाद जिला पंचायज राज विभाग के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीएम को शिकायत पत्र देकर जल्द सुनवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।

नगर के मोहल्ला अहताबस्ती राम निवासी संतोष देवी ने डीएम को शिकायत पत्र देकर बताया कि उनका पुत्र संदीप जिला पंचायत राज विभाग हापुड़ में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। जिसकी मृत्यू बीमारी के कारण दिनांक सात सितंबर 2024 को हो गई थी। बेटे की मृत्यू से पूर्व ही उसकी पत्नी कंचन अपने मायके चली गई थी। बेटे की मृत्यू के बाद पीड़िता ने आपसी समझौते के आधार पर पूर्व जिलाधिकारी से संदीप के समस्त भुगतान 1/3-1/3 भाग में करना लिखित में तय हुआ था। जिसके सन्दर्भ में दिनांक-18 जून 2025 को पूर्व जिलाधिकारी प्रार्थना पत्र दिया था।

जिसमें जिला पंचायत राज विभाग अधिकारी को आदेशित किया था कि कंचन की नौकरी व पेंशन लागू करने से पहले समस्त पैसे का भुगतान किया जाने के आदेश दिए थे, लेकिन आज तक भी पूर्ण पैसों का भुगतान नही हो सका है। जिसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा दिनांक-19 अगस्त 2025 को उनके व उनके अविवाहित पुत्र विशाल को दो चौक द्वारा धनराशि प्रदान की गई। कंचन के खाते में अंकन 11,50,000 रूपये आए। जबकि उनके व विशाल को दो चौकों द्वारा अंकन 3,06,693 व 3,06,693 रूपये प्रदान किए। विभाग द्वारा कहा कि जितने पैसे मिल रहे हैं उतने ले लो। इसके अलावा विभाग द्वारा लिखित में दिया गया था कि बकाया पैसों का भुगतान जल्द से जल्द करा दिया जाएगा। उसके बाद से वह निरंतर लगातार विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन विभाग बकाया पैसों का भुगतान नहीं कर रहा है। जिस कारण उनको काफी दिक्कत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अब से पूर्व भी अनेकों बार इस सम्बन्ध में शिकायतें कर चुकी है, परन्तु कोई सुनवाई नही हो रही है। उनके पास आत्मदाह करने के अलावा अन्य कोई चारा नही है, जिसका कारण जिला पंचायज राज विभाग होगा।

### एक नजर

## स्कूल से लेपटाप चोरी कर ले गया चोर, सीसीटीवी कैमरों में हुआ कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के आदर्श नगर में स्थित एक स्कूल से चोर लेपटाप चोरी कर ले गया। यह घटना वहां लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। स्कूल संचालक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवपाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला स्थित लोट्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक अपने अपने कक्ष में बच्चों को पढ़ाई कर रहे थे। तभी एक युवक स्कूल के प्रधानाचार्य के कमरे में पहुंचा और कुछ देर रुक कर वहां घूमने लगा। उसी दौरान आरोपी वहां पर रखे लेपटाप को लेकर फरार हो गया। स्कूल स्टाफ को घटना की जानकारी हुई तो कैमरे चेक किए गए। कैमरे में चोर लेपटाप ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। पीड़ित संचालक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सोशल मीडिया के माध्यम से किशोरी को किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध दशा में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने सोशल मीडिया पर मिले एक फोटो के बाद बरामद कर लिया। किशोरी को बरामद किए जाने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बता दे कि करीब 15 दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी घर से बिना बताए लापता हो गई थी। किशोरी को परिवार के लोगों ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज उसकी तलाश शुरू की, बताया गया है कि दो दिन पूर्व किशोरी ने एक सोशल मीडिया पर अपना फोटो डाल दिया। उसकी जानकारी पुलिस को ली तो पुलिस ने सोशल मीडिया के एकांउट के माध्यम से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी को बरामद करने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अद्वितीय साहस पराक्रम वीरता की प्रतिमूर्ति थे महाराणा प्रताप राही



eFk|jkA अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा पराधीन भारत में वीरता साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल स्वतंत्रता समता बंधुत्व के प्रणेता महावीर महाराणा प्रताप सिंह की 486 वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर पर किया गया। जिसका संच. ालन आकाश बाबू एवं अध्यक्षता विजेंद्र सिंह बौद्ध ने की। पुष्पांजलि सभा में सर्वप्रथम मुख्य रूप से पधारे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी शेरगढ़िया एवं डॉ सुरेश चंद संयोजक समान शिक्षा मिशन ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप के जीवन की प्रेरक घटनाओं पर प्रकाश डाला, और महाराणा प्रताप को पराधीन भारत में मातृभूमि प्रेम की अद्भुत मिसाल बताकर याद किया। अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता पराक्रम और साहस की अद्वितीय प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने वीरता देश प्रेम मातृभूमि प्रेम साहस पराक्रम जैसे मूल्यों का संरक्षण प्राण न्योछावर करके किया। उनका त्याग आज भी प्रासंगिक है। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सागर सिंह, सौदान सिंह, संजीव कुमार, पुनीत कुमार, आकाश बाबू,असलम कुरैशी,साबिर खान, विजेंद्र सिंह बौद्ध,डॉ सुरेश, अकील कुरैशी,महेंद्र सिंह,बृजेश सिंह, नरेश सर, चित्रसेन मौर्य, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह की 486वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को विशाल रैली एवं भव्य शोभायात्र का आयोजन किया गया। रैली में हजारों की संख्या में युवा, बुजुर्ग और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। पूरे मार्ग में महाराणा प्रताप अमर रहें, भारत माता की जय और वीरता से जुड़े नारों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। बहादुरगढ़ क्षेत्र स्थित पृथ्वीराज चौहान प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का शुभारंभ हुआ। पूर्व मंत्री मदन चौहान ने क्षेत्र के युवाओं और समाज के लोगों के साथ प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर महाराणा प्रताप को नमन किया। इसके बाद विशाल रैली बहादुरगढ़ से रवाना होकर गढ़मुक्तेश्वर के अंबेडकर चौराहा तक पहुंची, जहां कार्यक्रम संपन्न हुआ। रैली के दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 9 मई 1540 को मेवाड़ में जन्मे महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी स्वाभिमान और स्वतंत्रा से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने जंगलों में रहकर घास की रोटियां खाईं, लेकिन मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी युवाओं के लिए साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है। कार्यक्रम में अवनीश चौहान, भोजवीर चौहान, दुर्वेश तोमर, रवि चौहान, सुधीर चौहान और सपा नेता गोलू ठाकुर सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## संस्कार किड्स स्कूल में मदर्स डे का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर के संस्कार किड्स स्कूल में मदर्स डे का आयोजन बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण भावुक और आनंदमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत मां के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह और समर्पण को दर्शाया। इस दौरान स्कूल परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। मदर्स डे के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गेम्स और इंटरैक्टिव



एक्टिविटी के जरिए मां और बच्चों के बीच के अटूट रिश्ते को और मजबूत करने का प्रयास किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल रजनी गिरी ने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं, उनके बिना किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व अधूरा है। स्कूल के डायरेक्टर कुलदीप गोस्वामी ने कहां कि आज के इस आयोजन में बच्चों ने जिस उत्साह और प्रेम के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, वह अत्यंत सराहनीय है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि संस्कारों में भी आगे बढ़ रहे हैं। हम चाहते हैं कि बच्चे अपने जीवन में मां के योगदान को समझें और हमेशा उनका सम्मान करें। कहा, मदर्स डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि मां के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। पूरे आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और मां-बच्चे के रिश्ते की गरिमा को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया। इस मौके पर स्कूल का सम्पूर्ण स्टॉफ व छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

## विधायक ने स्व-जनगणना भरी, एक माह तक चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** आगामी जनगणना 2027 के लिए चलाए जा रहे (स्व-गणना अभियान) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधानसभा के भाजपा विधायक हरेंद्र सिंह ने एक अनूठी पहल की है। विधायक ने स्वयं पार्टी के मंडल अध्यक्ष आशीष चौधरी, परमजीत प्रधान के साथ मिलकर अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की और आम जनता से भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उनकी इस पहल को लोगों को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। देश में होने वाली जनगणना 2027 के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार नागरिकों को डिजिटल तकनीक के माध्यम से (सेल्फ एन्यूमरेशन) यानी (स्व-गणना) की सुविधा दी जा रही है। इसके तहत नागरिक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, सिंभावली मंडल अध्यक्ष आशीष चौधरी, परमजीत प्रधान ने अपना पंजीकरण कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है और सरकार लोगों को सुविधाएं आसान बनाने के लिए लगातार डिजिटल व्यवस्थाएं लागू कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि स्व-गणना प्रक्रिया बेहद सरल, सुरक्षित और पारदर्शी है। विधायक ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने बताया कि जब लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज करेंगे, तो आंकड़ों की शुद्धता बढ़ेगी और सरकार को बेहतर योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी।

## मुर्गी फार्म में मारपीट कर सामान ले गए तीन लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव वेट के जंगल में बने मुर्गी फार्म पर देर रात तीन लोगों गाली गलौज कर वहां रह रहे युवक से मारपीट कर सामान लेकर चले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी काशिफ खान ने बताया कि उसका जंगल में मुर्गी फार्म है। शुक्रवार देर रात वह अपने भतीजे अयान के साथ फार्म पर बने कमरे में सो रहा था। देर रात को तीन लोग दरवाजे में तोड़फोड़ कर कमरे के अंदर घुस गए। वहां आकर आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियें ने उनको कमरे में बंद कर दिय और मारपीट कर कमरे में रखे मोबाइल, जनरेटर के अल्टरनेटर से तांबा निकाल 10 हजार की नकदी और एक एलईडी ले गए। बदमाशों के जाने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर गांव के काफी लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर आस पास के जंगल में जाकर जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यसभा सांसद का भाजपा नेता ने स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत

**मसवासी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तीन राज्यों के प्रभारी अमरपाल मौर्य का नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम



मोर्य ने अपने निवास पर सम्राट अशोक की लाट का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा अखिल भारतीय मौर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह मौर्य एडवोकेट ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया तथा पार्टी एवं समाज के बारे में विस्तार से चर्चा की गईइस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन लाल मौर्य, जिला कार्यालय प्रभारी मयंक मौर्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, पवन मौर्य, सुभाष मौर्य आदि शामिल रहे।

## मां के प्रति समर्पण और अथाह प्रेम की अनूठी अभिव्यक्ति

- **बेन -हर के सभी परिसरों में हर्षोल्लास से मनाया गया मदर्स डे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** स्थित बेन-हर की सभी शाखाओं में श्मदर्स डेश के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं भावनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गति. विधियों का उद्देश्य बच्चों में अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बुके मे. कंग एक्टिविटी, लेटर टू मदर, कार्ड मेकिंग और अनेक प्रकार के फोटो फ्रेम व आभूषण बनाए।

विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी, डायरेक्टर डा. परविंदर सिंह सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, बेनहर पब्लिक की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमीध व बेनहर गुरुकुल की प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर ने सामूहिक दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

'मदर्स डे' कार्यक्रम के अवसर पर कक्षा प्री- नर्सरी से केजी तक के सभी बच्चों की माताओं का पुष्पों से अभिनंदन व स्वागत किया गया। विद्यालय की कुछ माता अभिभावकों ने नृत्य, गायन एवं कविता पाठ की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय द्वारा माताओं के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स और क्राफ्ट एक्टिविटीज का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की ओर से सभी माताओं की प्रस्तुति के लिए प्रमाण पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया।

बेनहर पब्लिक की प्राइमरी विंग हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा, जूनियर विंग हेडमिस्ट्रेस नेहा पांडे, प्री प्राइमरी इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय और रीना सक्सेना तथा बेनहर गुरुकुल, बेनहर रोड हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पांडे ने विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गति. विधियां बच्चों को पारिवारिक मूल्यों एवं संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती है।

संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह, रोशनी बग्गा एवं एकेडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन में मनिका मिश्रा, शुभी दीक्षित, रजनी दीक्षित, आयुषी संजोग, शिवम शर्मा, श्वेता गौड़, लोकेश गंगवार, रेनू भट्ट आदि का विशेष सहयोग रहा।अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी माताओं को मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# पीलीभीत के बीसलपुर में बड़ा सड़क हादसा

## बाइक सवार तीन दोस्तों को ट्रैक्टर ट्रॉली ने मारी टक्कर

- **दो दोस्तों की मौत, तीसरा गंभीर**
- **हादसे के बाद मौके से फरार हुआ ट्रैक्टर ट्राली चालक, पुलिस तलाश में जुटी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** जनपद पीलीभीत के बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल है। तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर देवी मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे, तभी काल बनकर आई एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें रौंद दिया।

जानकारी के मुताबिक, मोहल्ला दुबे निवासी सुमित उर्फ आलोक (24), सौरभ (20) और आशीष शुक्रवार रात करीब आठ बजे बेनीपुर मार्ग स्थित भसूड़ा पुलिया के पास बने देवी मंदिर के लिए निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही उनकी बाइक चौराहे के पास पहुंची, सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद सुमित और सौरभ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आशीष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार शुक्ला ने बताया, ष्मामले की जानकारी मिली है और पुलिस गहनता से जांच कर रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।

### एक नजर

## पीलीभीत पुलिस का एक्शन 1.20 लाख प्रतिबंधित टैबलेट सहित तीन तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में थाना जहानाबाद पुलिस ने रात चेकिंग के दौरान 3 नशा तस्करों को मौके पर दबोचा। पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में नशीली अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद की गई।

गीता पेट्रोल पंप के पास कारों से करीब 1.20 लाख प्रतिबंधित टैबलेट बरामद, कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तीन आरोपियों लवबिंदर सिंह, ओमकार मिश्रा और फुरकान को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के कब्जे से 2 कार, 54,550 रुपये नकद, 3 मोबाइल फोन और 8 एटीएम कार्ड भी बरामद हुआ है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज, पुलिस नशीली दवाओं के नेटवर्क की जांच और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा 3 अभियुक्तों को प्रतिबन्धित नशीली/अवैध टैबलेट अल्प्राजोलम (कुल 120000/ टैबलेट), दो कार, 54550/- रुपये नगद ,3 मोबाइल फोन, 08 एटीएम कार्ड सहित गिरफ्तार किया ।

## विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** शनिवार को विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर, पीलीभीत में पूर्व छात्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता परिषद के प्रांत संयोजक रवि कांत चावला ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन, चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा एवं पूर्व छात्रों के पंजीयन अभियान की योजना बनाना रहा।



बैठक में सर्वसम्मति से दिग्विजय आर्य को जिला संयोजक चुना गया। इसके साथ ही वीरेंद्र पाल सिंह जिला सह - संयोजक चुने गए और पूरनपुर नगर संयोजक कार्तिक जैसवाल, बीसलपुर नगर संयोजक सुरजीत सिंह चुने गए। प्रांत सह संयोजक शिवेंद्र गौतम ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की और सभी से जुट जाने का आग्रह किया। प्रांत संयोजक रवि कांत चावला ने नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए शीघ्र कार्यकारिणी विस्तार का निर्देश देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत सह संयोजक उत्कर्ष गर्ग, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष बाजपेई, अंशुमन तिवारी, अरविंद वर्मा, मोहन लाल गंगवार, अशोक कुमार, अंकित सक्सेना, सुरेश सिंह, डॉ विशाल देव, राघव मनचंदा, मयंक श्रीवास्तव, अजय सिंह, निखिल पांडे, गौरीश कुमार, विनीत अग्रवाल, भगत सिंह, राजकुमार, भरत सिंह वर्मा, अभिषेक कुमार सहित दर्जनों की संख्या में विद्या भारती के पूर्व छात्र और अध्यापक उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** शनिवार को कोतवाली पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। संविलियन विद्यालय हर्रायपुर में मिशन शक्ति टीम का नेतृत्व कर रही महिला उपनिरीक्षक पूजा तोमर ने बालिकाओं को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को पहचानने और उनके विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं को आपातकालीन सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 और वूमेन पावर लाइन 1090 सहित अन्य महिला हेल्पलाइन सेवाओं के उपयोग के बारे में जागरूक किया। महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के मन से पुलिस का भय दूर करना, उनमें सुरक्षा की भावना विकसित करना और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। इस मौके पर राष्ट्रपति पदक प्राप्त विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंवरसेन, महिला आरक्षी अक्षी तोमर, महिला आरक्षी श्वेता रानी आदि उपस्थित रही।

## संकुल स्तरीय नैपुण्य वर्ग प्रशिक्षण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सरस्वती शिशु मंदिर शरह बरौलिया में संकुल स्तरीय आचार्य/प्रधानाचार्य नैपुण्य वर्ग के अंतर्गत गणित, शारीरिक शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में संकुल के सात विद्यालयों के आचार्य एवं प्रधानाचार्यों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के प्रशिक्षक अश्वनी शर्मा ने गणित शिक्षण की नवीन पद्धतियों, शारीरिक शिक्षा के महत्व तथा नैतिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार निर्माण पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर संजय कुमार उपाध्याय, अतेंद्र सिंह,आशुतोष मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने नई शिक्षण तकनीकों को लेकर उत्साहपूर्वक सवाल-जवाब भी किए। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक सर्वेश पाठक ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि होती है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

## समूह सखी एम-1 का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संभल में शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सखी एम - 1 के चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें डी आर पी हेमंत बाबू , राधा व बी आर पी ममता शर्मा व बबिता शर्मा सभी महिला प्रतिभागियों को विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटा रहे हैं ।

इस चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभल जिले के विकास खंड रजपुरा से 38 व संभल से 45 महिला प्रतिभागी हिस्सा ले रहीं हैं ।

## प्रकृति की सेवा और मानवता का धर्म

- **नेचर केयर ट्रस्ट के शि. विर में 30 युवाओं ने किया रक्तदान**
- **तुलसी का पौधा भेंट कर ट्रस्ट ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सामाजिक संस्था नेचर केयर ट्रस्ट द्वारा शनिवार को स्टेडियम रोड स्थित जीवनरेखा ब्लड बैंक में एक वृहद सामूहिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। श्रक्तदान से जीवन बचाएं, तुलसी रोपण से प्रकृति सजाएंश के प्रेरक नारे के साथ आयोजित इस शि. विर में न केवल रक्त की बूंदों से जीवन बचाने का संकल्प लिया गया, बल्कि पर्यावरण की शुद्धि का संदेश भी जन-जन तक पहुँचाया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य एवं जीवनरेखा ब्लड बैंक की डायरेक्टर डॉ. नीलमा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं निशक्तजन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृतलाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर में कुल 30 रक्तदाताओं ने मानवता के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से आदेश चौहान, वंश आनंद, डॉ. गौरव वर्मा, हिमांशु जैसवार, सचिव दीप अग्रवाल, अवधेश कुमार यादव, स्वतंत्र देवल, आलोक सक्सेना, शिवम कश्यप, अमनदीप मिश्रा अभिषेक अग्रवाल विक्की सब्बरवाल, हनी सब्बरवाल, हार्दिक जयश्वर, प्रशांत भारद्वाज, सुधीर गंग. वार, सचिन पटेल, प्रमोद गंगवार, मुदित अग्रवाल, स्पर्श अग्रवाल सहित दर्जनों लोगों ने योगदान दिया।

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, अंशुमन तिवारी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस साहसी कदम की सराहना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने कहा कि रक्त हमारे शरीर की जीवनरेखा है और ऑक्सीजन हमारे पर्यावरण की। इसी सोच के साथ ट्रस्ट ने इस बार एक नई परंपरा स्थापित की प्रत्येक रक्तदाता को तुलसी का पौधा उपहार में दिया गया। सचिव दीप अग्रवाल ने सभी को इन पौधों के उचित रखरखाव और संरक्षण की शपथ दिलाई, ताकि प्रत्येक रक्तदाता अपने घर में एक 'ऑक्सीजन बैंक' स्थापित कर सके।

## धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

- **चेयरमैन और विधायक की गैरमौजूदगी पर नाराजगी**
- **अब समाज खुद लगाएगा महाराणा प्रताप की प्रतिमा**
- **शिलान्यास न होने पर क्षत्रिय करणी सेना का बड़ा ऐलान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को पूरनपुर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर क्षत्रिय करणी सेना के पदाधिकारियों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

क्षत्रिय करणी सेना पीलीभीत के जिलाध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। यहां महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और केक काटकर जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम स्थल पर "जय महाराणा प्रताप" और "राजपूताना शौर्य अमर रहे" जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। हालांकि कार्यक्रम में पूरनपुर नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता और भाजपा विधायक बाबूराम पासवान की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। दोनों जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, करणी सेना जिलाध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह ने मंच से कहा कि चेयरमैन द्वारा पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का शिलान्यास कराया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल क्षत्रिय समाज के नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। ऐसे महापुरुषों के सम्मान से जुड़े विषयों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोगों ने भी चेयरमैन और स्थानीय विधायक की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की।इसके बावजूद कार्यक्रम पूरे जोश और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, भाजपा नेता नवनीत मिश्रा, एडवोकेट रजनीश पांडे सहित तमाम गणमान्य लोग पहुंचे और महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, बलिदान और मातृभूमि के प्रति समर्पण को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया और यही संदेश आज की पीढ़ी को अपनाने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान क्षत्रिय समाज द्वारा बड़ा ऐलान करते हुए कहा गया कि अब महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना समाज के लोगों के सहयोग से कराई जाएगी। समाज के लोगों ने मंच से सामूहिक रूप से प्रतिमा स्थापना में सहयोग देने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग, युवा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। इस अवसर पर क्षत्रिय करणी सेना के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह चौहान, जिला महामंत्री ठाकुर अमित सिंह, जिला उपाध्यक्ष एस पी सिंह, कलीनगर तहसील अध्यक्ष दधीचि सिंह, पूरनपुर तहसील अध्यक्ष राज ठाकुर, नवीन सिंह, विकास ठाकुर पत्रकार, सत्यवीर सिंह, राजेश सिंह, मनपाल सिंह, एड अंशुल गौरव, विशाल सिंह, दीपक सिंह, सोहन सिंह आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया

**शाह टइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** स्थानीय देव स्थान पर गांव के भक्तजनों ने अखंड रामायण पाठ का आयोजन करवाया जिसमें स्थानीय राजेंद्र पाल कश्यप , कृष्ण कुमार शर्मा , दिनेश मौर्य , सोमेंद्र यादव , देवेंद्र प्रताप सिंह यादव , वीरेंद्र कश्यप , राजकुमार कश्यप , कृष्णा कश्यप , ओमपाल यादव आदि व्यापारिक मंडल ने इस धार्मिक कार्यक्रम में सहयोग किया। इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ बीते शनिवार प्रात: वेला में किया गया । कार्यक्रम में क्षेत्रीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री तेजवती ने लयबद्ध ढंग से चौपाइयों , दोहों व छंदों का गायन कर भक्तजनों का ध्यान आध्यात्मिक की ओर अग्रसर किया ।

## 750 किलो अखरोट सहित दो तस्कर दबोचे



- **मुखबिर की सूचना पर पीलीभीत पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**
- **नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे थे अखरोट**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया पुलिस व एसओजी टीम द्वारा नेपाल से तस्करी कर लाये जा रहे 760 किलोग्राम अखरोट के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना न्यूरिया पुलिस व एसओजी टीम द्वारा मुखबिर खास की पुष्ट सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान गगन यादव पुत्र भृगुरासन व नफीश खां पुत्र शफीक खां को नेपाल राष्ट्र से अवैध रूप से तस्करी कर लाये गये अखरोट मात्रा 58 पैकेट 760 किलोग्राम व 2 कार क्रमश अल्टो रजि. संख्या UP26D3471 व स्वीफ्ट डिजायर संख्या UK06AX3578 के साथ पीलीभीत टनकपुर रोड से मझौला धनकुना की ओर जाने वाले लिंक रोड पर भुजिया मजार के पास से गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 08/05/2026 को थाना न्यूरिया पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा पीलीभीत-टनकपुर रोड से मझौला धनकुना की ओर जाने वाले लिंक रोड पर भुजिया मजार के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति कारों के माध्यम से नेपाल देश से अवैध रूप से सामान की तस्करी कर ला रहे हैं। सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन संख्या UK06AX3578 स्विफ्ट डिजायर एवं वाहन संख्या UP26D3471 आल्टो कार को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर कार से कूदकर मौके से फरार हो गया। ढ

पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम गगन यादव पुत्र भृगुरासन निवासी ग्राम मेलाघाट थाना झनकईयां जनपद ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड तथा नफीश खां पुत्र शफीक खां निवासी ग्राम जमुनिया थाना माधोटांडा जनपद पीलीभीत बताया। फरार व्यक्ति का नाम अफरोज पुत्र अल्लन खां निवासी इस्लामनगर थाना खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड बताया गया। जिसकी तलाश जारी है। दोनों कारों की तलाशी लेने पर कुल 58 पैकेट अखरोट बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे नेपाल से सस्ते दामों पर बिना कस्टम ड्यूटी के अवैध रूप से अखरोट एवं अन्य सामान लाकर यहां महंगे दामों में बेचते हैं, जिससे उन्हें लाभ प्राप्त होता है।

पकड़ी गई दोनों कारों को ई-चालान ऐप के माध्यम से चेक किया गया, जिसमें वाहनों की नंबर प्लेट पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर का इंजन एवं चेसिस नंबर से मिलान नहीं हो सका। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे पुलिस से बचने के लिए वाहनों पर अलग-अलग नंबर प्लेट बदल-बदल कर लगाते रहते हैं।

## बिसौली में मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वी जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** होली चौक ठाकुरान मौहल्ला बिसौली में शनिवार के दिन रामवीर सिंह एडवोकेट की पेत्रिक सम्पत्ती पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती होली चौक बिसौली पर मनाई गई, जिसमें महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया, विचार गोष्ठी में कहा की वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती का सार्वजनिक अवकाश न होने पर रोष व्यक्ति किया ।

ठाकुर मुकेश सिंह राष्ट्रवादी प्रताप सेना ने कहा की मुगलों से हमारे देश को सर्वस्त्र न्योछावर कर बचाने वाले महापुरुष हिंदू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की वीरता का परिचय देते हुए उनके द्वारा देश हित में दिये गए वलिदानों को याद किया गया।

मंच के दौरान, राहुल सिंह ने कहा हल्दी घाटी के साथ-साथ दिवरे का युद्ध भी इतिहास को पढ़ना चाहिए जहां तक क्षत्रिय राजाओं के वारे में भी पढ़ना चाहिए जो कि सयाजीराव गायकवाड जिन्होंने बाबा साहब को अनुदान देकर विदेश पढ़ने भेजा, दलितों के लिए 18 स्कूल बनवाये थे और बहुत से कार्य देश हित के लिए किए थे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार सिंह के द्वारा की गई मंच संचालन कर रहे सुशील कुमार व मुकेश कुमार सिंह राष्ट्रवादी प्रताप सेना के द्वारा की गई।

इस दौरान कार्यक्रम में रामवीर सिंह एडवोकेट, सुनील कुमार सिंह, राहुल सिंह, हरिओम सिंह चौहान, सुशील कुमार, राजीव कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, कृष्णपाल सिंह, आशीष कुमार सिंह, आदित्य सिंह,पुनीत ठाकुर, विकास ठाकुर, पंकज सिंह, अभय प्रताप सिंह,दीपक ठाकुर,मुकेश भदोरिया, राकेश कुमार सिंह, संदीप सिंह, अभय प्रताप सिंह आदित्य सिंह अर्पित सिंह अंशुल सिंह आयुष सिंह अविनाश सिंह रचित सिंह सर्वेंद्र सिंह राकेश सिंह विशाल सिंह संदीप सिंह बीके सिंह श्री ओम सिंह पंकज सिंह दिनेश कुमार सिंह अशोक कुमार पवन कुमार सिंह पुनीत कुमार सिंह कृष्ण पाल सिंह आदित्य ठाकुर आशीष कुमार सिंह विकास सिंह दीपक ठाकुर आदि भारी संख्या में मौजूद रहे।

## सहसवान में अवैध जच्चा-बच्चा केंद्रों की बाढ़, मासूमों की जान से खिलवाड़

- **अवैध क्लीनिकों का गढ़ बना सहसवान**
- **कुकुरमुत्तों की तरह उगे अस्पताल, जिम्मेदार खामोश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** सहसवान कस्बा इन दिनों अवैध चिकित्सा का गढ़ बनता जा रहा है। यहां गली-कूचों में बिना किसी पंजीकरण और बिना डिग्री धारक डॉक्टरों के श्जच्चा-बच्चा केंद्रश कुकुरमुत्तों की तरह उग आए हैं, जो सीधे तौर पर मासूम नवजातों और प्रसूताओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि इन केंद्रों पर न तो कोई क्वालिफाइड सर्जन है और न ही कोई विशेषज्ञ डॉक्टर। 'झोलाछाप' संचालकों के भरोसे प्रसव जैसे संवेदनशील ऑपरेशन किए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो चंद रुपयों के लालच में ये केंद्र मानवता को ताक पर रखकर मौत का सौदा कर रहे हैं। यहां न तो सफाई के मानक पूरे हैं और न ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के कोई इंतजाम। इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस अवैध कारोबार पर स्वास्थ्य विभाग की रहस्यमयी चुप्पी अब जनता के गले नहीं उतर रही है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि:क्या विभाग को इन अवैध केंद्रों की जानकारी नहीं है?या फिर इन 'मौत के केंद्रों' को किसी सफेदपोश या रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है?आखिर किसके इशारे पर सहसवान की जनता की जान जोखिम में डाली जा रही है?

क्षेत्र में लगातार हो रही लाप. रवाही और जच्चा-बच्चा की जान को खतरे में देख ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांग की है कि:इन अवैध केंद्रों की तत्काल जांच कर इन्हें सील किया जाए।बिना डिग्री इलाज करने वाले संचालकों पर मुकदमा दर्ज हो। लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।चेतावनी: अगर जल्द ही इन अवैध क्लीनिकों पर ताला नहीं लटका, तो किसी भी बड़े हादसे की जिम्मेदारी सीधे तौर पर प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर श्रीमोहन जहां ने बताया है कि टीम बनाकर जल्द अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यार्थी परिषद ने फीस को लेकर हो रही मनमानी के विरुद्ध दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा प्रमोद इंटर कॉलेज, सहसवान में प्रवेश फीस के नाम पर हो रही मनमानी के विरुद्ध ज्ञापन दिया परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रधानाध्यापक को ज्ञापन सौंपकर छात्रों से ली जा रही अवैध फीस को तत्काल वापस लेने की मांग की छात्र हितों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रमोद इंटर कॉलेज एक सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय है, फिर भी यहां शासन की मंशा के विपरीत छात्रों से 3000 से 4500 रुपये तक वसूले जा रहे हैं कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षा के मंदिर को व्यापार का केंद्र बनाया जा रहा है, जिसे विद्यार्थी परिषद किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी प्रशासन को अल्टीमेटम:ज्ञापन देते समय कार्यकर्ताओं ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि विद्यालय प्रशासन ने निर्धारित सरकारी शुल्क के अलावा एक भी पैसा अतिरिक्त लिया, तो विद्यार्थी



परिषद उग्र आंदोलन करेगी और विद्यालय का तालाबंदी (स्वबाकवूद) करने से भी पीछे नहीं हटेगी इस अवसर पर परिषद के नगर अध्यक्ष/मंत्री/ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य संजीव कुमार , जिला सह मीडिया संयोजक शैलेन्द्र शर्मा , नगर सह मंत्री अभय प्रताप नगर ै संयोजक कुलदीप मौर्य और दर्जनों कार्यकर्ता एवं छात्र मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि फीस का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए।

# रामपुर में एसबीआई कर्मचारियों का प्रदर्शन, 25-26 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधन के खिलाफ कर्मचारियों का आक्रोश अब आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। लंबे समय से लंबित मांगों और कर्मचारी हितों की अनदेखी से नाराज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के सदस्यों ने शुक्रवार शाम क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्र-5 रामपुर परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और बैंक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बैंक प्रबंधन कर्मचारी एवं अधीनस्थ वर्ग की मांगों को लगातार नजर अंदाज कर रहा है। फेडरेशन स्तर पर वार्ताओं के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि कुछ मामलों में द्विपक्षीय वार्ता नियमों की अनदेखी करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त मौद्रिक लाभ दिए गए, जबकि कर्मचारियों को समान सुविधाओं से वंचित रखा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने कहा कि जब तक बैंक प्रबंधन कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा नहीं करेगा, आंदोलन जारी रहेगा।



उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में आगामी 25 और 26 मई को देशभर में भारतीय स्टेट बैंक में हड़ताल की जाएगी।

रामपुर मुख्य शाखा की सचिव उत्कर्षा सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता के बल पर यह हड़ताल पूरी तरह सफल रहेगी। वहीं सर्किल डेलीगेट कामरेड ओम शंकर ने बैंक प्रबंधन की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि हर आंदोलन में अंततः प्रबंधन को कर्मचारियों के सामने झुकना पड़ा है। प्रदर्शन में तरु राज सक्सेना, अपूर्वा जैन, प्राची, निशा, अभिषेक, विनय सिंह, विनय गिल, राधिका, अर्चना, कम्मो समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। पूर्व पदाधिकारी कामरेड विमल कपूर और हरिओम सक्सेना ने भी प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। प्रमुख मांगों में मैसेंजर एवं गार्ड भर्ती तत्काल शुरू की जाए। एनपीएस फंड मैनेजर में बदलाव किया जाए। वर्ष 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए इंटर सर्किल ट्रांसफर लागू हो। मेडिकल स्कीम को बेहतर बनाया जाए। वेतन समझौते में समानता लागू की जाए।

आउटसोर्सिंग बंद हो क्रॉस सेलिंग के नाम पर मिस सेलिंग बंद की जाए। वर्कमैन डायरेक्टर की नियुक्ति तत्काल हो। एचआरएमएस से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह से फिर बसे पांच परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को जिला जजी परिसर रामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविंद कुमार-।। की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में वैवाहिक विवादों सहित विभिन्न मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 14 वैवाहिक मामलों सहित धारा 125 सीआरपीसी एवं अन्य धाराओं के कुल 34 मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान ऐसे कई मामले भी सामने आए जिनमें पति-पत्नी के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच चुके थे। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को साथ बैठाकर विस्तारपूर्वक वार्ता की गई तथा आपसी समझाइश और काउंस. लिंग के माध्यम से 05 जोड़ों को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया। समझौते के उपरांत जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में जोड़ों ने एक-दूसरे को फूलमाला पहनाकर नए सिरे से जीवन शुरू करने का संकल्प लिया।



- टूटते रिश्तों को राष्ट्रीय लोक अदालत ने फिर जोड़ा
- 14 वैवाहिक मामलों सहित 34 मामलों का हुआ निस्तारण

न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत केवल मामलों के त्वरित निस्तारण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह टूटते परिवारों को बचाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## वृद्धाश्रम में लगे चिकित्सा शिविर में 50 लोगों का किया चेकअप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राजकीय यूनानी चिकित्सालय नगर द्वारा आयुष आपके द्वार के अंतर्गत चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया। ग्राम ताशका का मझरा स्थित वृद्धाश्रम में लगे शिविर में चिकित्साधिकारी डाक्टर रविन्द्र कुमार और डाक्टर मोहम्मद इकराम द्वारा लगभग 50 महिला व पुरूष रोगियों की जांच की तथा निशुल्क दवा का वितरण किया गया। डाक्टर रविंद्र कुमार ने कहा स्वस्थ्य रहने के लिए अपने खान पान का विशेष ध्यान रखें इस बढ़ती उम्र में शरीर में अनेकों बिमारी न बनें जिसके लिए आप सुबह उठकर प्राणायाम व योग भी करें। आयुष विभाग द्वारा योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जगह जगह कैंप लगाकर योग शिविर में लगाए जा रहें है।

# तुष्टिकरण की राजनीति का अंत, 2027 में फिर प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा सरकार : नकवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान" का द्वितीय दिवस एवं समापन समारोह उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्रवादी सोच को मजबूती देने का संकल्प लिया। द्वितीय दिवस की शुरुआत शाखा एवं योग कार्यक्रम से हुई, जिसमें अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और स्वस्थ कार्यकर्ता निर्माण पर बल दिया गया। इसके बाद विभिन्न सत्रों में नेताओं ने सरकार की उपलब्धियों, संगठन की विचारधारा, सोशल मीडिया की भूमिका, कार्यपद्धति और जनसंपर्क जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रदेश सरकार के



कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने "विचार परिवार" विषय पर संगठन की वैचारिक मजबूती पर चर्चा की। समापन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और संवैधानिक पंथनिरपेक्षता के आधार पर सुशासन और समावेशी सशक्तिकरण का मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि देश अब तुष्टिकरण की राजनीति को नकार रहा है और विकास तथा समावेशी सशक्तिकरण को स्वीकार कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में 2027 में भाजपा फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। नकवी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता नकारात्मक राजनीति को स्वीकार नहीं कर रही और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार जनसमर्थन हासिल कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और सकारात्मक राजनीति के साथ जनता के बीच जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और "भारत माता की जय" के उद्घोष के साथ हुआ।

# फर्जी हॉस्पिटलों पर कार्यवाही करे स्वास्थ्य विभाग : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि तहसील क्षेत्र मिलक में कई फर्जी हॉस्पिटल, लैब, बिना डिग्री धारक डॉक्टर बनकर और कई ऐसे मेडिकल संचालक हैं जो कि स्वयं को डॉक्टर बताकर आम जनता के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं आए दिन हॉस्पिटलों में हादसे होते हुए देखे जाते रहे हैं। इस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तात्कालिक कार्यवाही तो अवश्य ही की जाती है और कुछ समय के बाद पुनः वही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ठीक इसी प्रकार से कुछ अवैध रूप से लैब भी संचालित की जा रही हैं जहां पर रिपोर्ट तैयार करने योग्य डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं सिर्फ और सिर्फ डिग्री धारक डॉक्टर के नाम का उपयोग किया जा रहा है। कुछ मेडिकल संचालक ऐसे हैं जो कि आम जनता के सामने स्वयं डॉक्टर बनकर दवाईयां दे रहे हैं। जिस कारण आम जनता के जीवन से



खुलेआम खिलवाड़ होना प्रतीत होता है। स्वास्थ्य विभाग रामपुर से आग्रह है कि वह तहसील क्षेत्र मिलक में एक सघन अभियान चलाकर जो भी अवैध रूप से हॉस्पिटल, लैब या मेडिकल स्टोर पर स्वयं को डॉक्टर बताकर आम जनता के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं उनके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाए। जिससे कि भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, जेवर लूटने और जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट और जेवर लूटने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने न्यायालय की शरण लेते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।प्रार्थिनी केसर जहां के अनुसार घटना उस समय की है जब वह रात में अपने घर पर अकेली सो रही थी। आरोप है कि गांव निवासी सलीम और नवी आलम घर में घुस आए तथा उसे चारपाई पर दबोच लिया। महिला का आरोप है कि सलीम ने उसका मुंह कपड़े से बंद कर दिया, जबकि दोनों आरोपियों ने उसके गले से सोने की तबचिया और कानों से कुंडल निकाल लिए।

आरोप है कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और गलत नियत से छेड़छाड़ करते हुए उसके शरीर से अश्लील हरकतें कीं।पीड़िता के मुता. बिक शोर सुनकर तीसरा आरोपी नईम भी घर में आ गया और कथित तौर पर अन्य आरोपियों को उकसाते हुए कहा कि महिला के साथ ऐसा काम करो कि वह समाज में मुंह दिखाने लायक न रहे। महिला ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।महिला का कहना है कि चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों की आहट होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में जब उसके पति और बच्चे घर पहुंचे तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि उसने 6 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक रामपुर को दस्ती और रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से शिकायत भेजी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 8 अप्रैल को शिकायत थाना सैफनी पहुंचने पर आरोपियों ने परिवार को धमकाते हुए कहा कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती और उल्टा झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। सैफनी पुलिस ने चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है।

## मदर्स डे पर मां के त्याग और स्नेह को किया जाएगा नमन




**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** मदर्स डे पर 10 मई को मां के त्याग, प्रेम और समर्पण को नमन किया जाएगा। हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला यह दिन मां के सम्मान के लिए खास माना जाता है। इस अवसर पर स्कूलों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित होंगे। बच्चे अपनी मां को उपहार और शुभकामनाएं देकर खुशी जताएंगे। सोशल मीडिया पर भी लोग मां के साथ तस्वीरें साझा करेंगे। समा. जसेवियों ने कहा कि मां बच्चों को संस्कार, शिक्षा और सही मार्गदर्शन देती है। मां का सम्मान करना और उन्हें खुश रखना हर संतान का पहला कर्तव्य है।

# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर से वाईक सवार बिजली मैकेनिक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बिलासपुर मार्ग पर शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय बिजली मैकेनिक विजय गंगवार की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। नगर के मोहल्ला नसीराबाद निवासी विजय गंगवार उर्फ भूरा पुत्र धर्मवीर गंगवार पेशे से बिजली मैकेनिक थे। वह इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बिजली फिटिंग का काम करता था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे विजय गंगवार अपनी बाइक से ससुराल से मिलक वापस लौट रहा था। मिलक विलासपुर मार्ग पर ग्राम गंगापुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शिनाख्त के बाद पुलिस ने विजय के परिजनों को सूचित किया शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।



विजय गंगवार उर्फ भूरा अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। पीछे पत्नी, चार साल का बेटा और डेढ़ साल की मासूम बेटी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह ने बताया कि पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा की मदद ली जा रही है।

## एक नजर

### दवा दिलाने आई किशोरी लापता, परिजनों नें लगाया अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र में दवा दिलाने आई नवालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण और धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिंगरा निवासी नूरजहाँ अपनी नाबालिग बेटी को दवा दिलाने के लिए मिलक आई थीं। तीन बत्ती चौराहे पर किशोरी को पानी पीने के लिए उतारकर मां दवा लेने चली गईं। जब मां वापस लौटीं तो बेटी वहां नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी जब किशोरी का पता नहीं चला तो मां ने उसके मोबाइल नंबर पर कॉल किया। आरोप है कि फोन उठाने वाले अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम शादाब हसन बताया और कहा, ष्मेरा भाई तुम्हारी लड़की को ले आया है। अब हम वापस नहीं करेंगे। तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। नवालिग की माँ ने बताया कि वह गरीब महिला हैं और बेटी के साथ कोई दुर्घटना होने का डर है। उन्होंने पुलिस से रिपोर्ट लिखकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर उप निरीक्षक कुलदीप पुनिया को जांच सौंपी है पुलिस किशोरी की तलाश के साथ ही आरोपी की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है।

### पुलिस ने एक वांछित वारंटी किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र मुन्शीलाल निवासी ग्राम दुलीचन्दपुर थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित भरण पोषण भत्ता वाद सं. 735/2023, 297/2019,184/2020 ,806/2021 धारा 125(3) सीआरपीसी न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीत को उसके मस्कन से दिनाँक 09.05.26 को समय करीब 02.10 बजे गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा. न्यायालय पीलीभीत भेजा जा रहा है।

# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का रामपुर में हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महुआ मोइत्रा के रामपुर आगमन पर सांसद प्रतिनिधिमंडल द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद महुआ मोइत्रा के स्वागत में रामपुर की गंगा-जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली, जहां उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व एडवोकेट महबूब अली पाशा ने किया। उन्होंने महुआ मोइत्रा के संसद में उठाए जाने वाले जनहित के मुद्दों की सराहना करते हुए कहा कि वह देश की प्रखर वक्ताओं में शामिल हैं। इस दौरान सांसद और स्थानीय प्रति. निधिमंडल के बीच विभिन्न सामा. जिक एवं क्षेत्रीय विषयों पर चर्चा भी हुई। महुआ मोइत्रा ने रामपुरवासियों द्वारा दिए गए सम्मान और स्नेह के



लिए आभार व्यक्त किया। प्रति. निधिमंडल ने उन्हें जिले की वर्तमान गतिविधियों तथा रामपुर की ऐतिहा. सिक और सांस्कृतिक विरासत से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में डॉ. अब्दुल सलाम, नगर पालिका प्रति. निधि, युवा नेता सैफ, डॉ. मकतूब मुन्ना, नासिर शेख, उस्मान, आसिफ अली सहित कई गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने महुआ मोइत्रा के आगमन को गौरवपूर्ण बताया।

# सीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस, चार शिकायतों में दो का मौके पर निस्तारण

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शनिवार को कोतवाली शाहबाद परिसर में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकीनंदन ने की, जबकि संचालन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ।

थाना समाधान दिवस में क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद एवं आपसी कहासुनी से संबंधित बताई गईं। इस दौरान क्षेत्र के लेखपाल, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण कराया जा रहा है, ताकि लोगों को न्याय के लिए भटकना न पड़े।



क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने फरियादियों से भी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याएं रखने की अपील की। थाना समाधान दिवस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही तथा फरियादियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया।

# 15 जून तक भुगतान नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना

## भाकियू असली ने प्रशासन को दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लॉक परिसर में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर जमकर चर्चा हुई। बैठक में गन्ना समिति सचिव और गन्ना परिषद के ज्येष्ठ निरीक्षक भी मौजूद रहे। किसानों ने सबसे ज्यादा गन्ना भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई।

बैठक में गन्ना समिति सचिव ने किसानों को आश्वासन दिया कि जनपद के सभी किसानों का बकाया गन्ना भुगतान 31 जुलाई तक करा दिया जाएगा। इस पर किसान नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई। भाकियू असली के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि किसान पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। बच्चों की पढ़ाई, खेती की तैयारी और घरेलू खर्च सब गन्ना भुगतान पर निर्भर हैं। ऐसे में किसानों को और इंतजार कराना अन्याय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 जून तक किसानों का पूरा भुगतान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन असली तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगी। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा कि सरकार किसानों के हितों की बात तो करती है, लेकिन धरातल पर किसान अपने ही पैसे के लिए परेशान घूम रहा है। मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपये बकाया है, जिससे किसान परेशान हैं। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने कहा कि किसान अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि समय पर भुगतान चाहता है। यदि तय समय तक भुगतान नहीं हुआ तो किसान बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बैठक में लो. केश सिंह युवा जिला अध्यक्ष, अमित कुमार मंडल उपाध्यक्ष, कपिल प्रधान, दिनेश सिंह, देशराज सिंह, जगदीश यादव, सुरेश यादव, राजीव त्यागी, प्रदीप, जबर सिंह और ओंकार सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## आज चार घण्टे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**गजरौला।** जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे वैसे बिजली की मांग भी बढ़ती जा रही है। बिजली विभाग का प्रयास है कि गर्मियों में उपभोक्ताओं को बिजली की कमी से नहीं जूझने पड़े, इसलिए मेंटिनेंस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के 132 केवी बिजलीघर में 33केवी हाफ मेन बसवार में आज रविवार को को मेंटिनेंस कार्य के चलते सुबह के छह बजे से दस बजे तक 132केवी बिजलीघर से जुड़े केवी पोषक श्री एसिड, यूपीएसआईडीसी, अटारी, मौहम्मदाबाद, गजरौला टाउन से जुड़े समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की विद्युतापूर्ति बाधित रहेगी। उपखण्ड अधिकारी सुबोध कुमार ने उपभोक्ताओं से बिजली से जुड़ा अपना आवश्यक कार्य कटौती से पूर्व ही करने की अपील की।

# धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान एक रैली भी निकाली गई जो कि गांव और नगर में घूमते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान महाराणा प्रताप के जयकारे गूंजते रहे।

**■ नगर और गांवो में निकाली विशाल रैली**

शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव वारसाबाद में वीर सम्राट महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करके शरबत का वितरण किया गया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद डीजे के साथ ट्रैक्टरों व गाड़ियों के द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया, जो वारसाबाद से शुरू होकर ग्राम पाल, बस्ती गजरौला, ग्राम फोन्दापुर होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर जाकर ही समाप्त हुई। इस मौके पर हसनपुर विधायक के पुत्र निखिल खड़गवंशी, वीर सिंह भगत, रोहित चौहान, रवि चौहान, नितिन चौहान, हिमांशु चौहान, सचिन चौहान, कवित चौहान, योगेश चौहान, दिनेश, दिवेश, मोहित, लक्की, पुनीत, प्रशांतए भोपाल सिंह, भोला, विजेंद्र, सौरभ, विष्णुप्रताप, अंकुर आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस मौजूद रही।



# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली शौर्य यात्रा

## देशभक्ति गीतों पर थिरके युवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शनिवार को हसनपुर की धरती उस वक्त वीरता के रंग में रंग गई, जब वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर जयकारों से आसमान गूंज उठा। रहरा अड्डा स्थित प्रताप चौक पर श्रद्धा और शक्ति का ऐसा संगम दिखा कि हर कोई दंग रह गया।

मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने महाराणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुंकार भरी कि महाराणा प्रताप सिर्फ एक राजा नहीं, बल्कि स्वाभिमान की मशाल थे। युवाओं के रगों में दौड़ते गर्म खून और हाथों में लहराते भगवा ध्वजों ने नगर के मुख्य मार्गों पर शौर्य यात्रा के जरिये अपनी ताकत का एहसास कराया। डीजे की धमक और देशभक्ति के गीतों पर थिरकते युवाओं ने माहौल को पूरी तरह प्रतापमय बना दिया। सुरक्षा के मोर्चे पर कोतवाल राजेश तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। ताकि परिंदा भी पर न मार सके। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह, पंकज भटनागर और राजू राणा सहित सैकड़ों दिग्गजों की मौजूदगी में युवाओं ने शपथ ली जब तक रगों में खून है, प्रताप के आदर्श जिंदा रहेंगे।

# शिक्षा के माध्यम से पूरी होती है व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

## नागपाल स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

शुक्रवार की शाम को नगर के होटल एडसन हाइट्स में आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय के छात्र प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में शीघ्र ही कई नई सुविधाएं एवं आधुनिक एआई लैब्स प्रारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय के नए हाउसेस रूबी हाउस, एमराल्ड हाउस, टोपाज हाउस एवं सैफायर हाउस की घोषणा भी की। पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 91 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'मेरिट स्कॉलर प्लस' तथा 81 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'स्कॉलर बैज' प्रदान किए गए। बोर्ड टॉपर की विशेष ट्रॉफी मिशिका नेगी को प्रदान की गई। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' सम्मान से आरना त्रिपाठी को सम्मानित किया गया, जिन्होंने गत वर्ष हाईस्कूल में जिला टॉप एवं जोन स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया था। इसी के साथ ही कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले, स्कॉलर बैज होल्डर्स, ऑलराउंडर्स, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन, बेस्ट डांसर, बेस्ट स्पीकर, बेस्ट डिबेटर, बेस्ट डिसिप्लिन्ड स्टूडेंट तथा शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मदर्स डे सेलिब्रेशन भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की माताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक समीर नागपाल, एशले नागपाल, प्रधानाचार्या निशी सिंह समेत स्टॉफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### माता पिता की आज्ञा मानें: राकेश गर्ग



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के हाइवे स्थित नॉर्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके मां की महत्ता पर रोशनी डाली। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज गोयल ने कहा कि बच्चों को माता पिता और शिक्षकों का कहना मानना चाहिए और अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के लिए रंग बिरंगे कार्ड भी बनाए। इस मौके पर प्रबंधक राकेश मोहन गर्ग ने बच्चों को माता पिता की आज्ञा मानने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्वाति बंसल, पूनम राठौर, पूनम गर्ग, दीपा अग्रवाल, ईशा, प्रियांशी आदि का योगदान रहा।

### राजेन्द्रा एकेडमी में मातृ दिवस पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** राजेंद्रा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्मातृ दिवसश बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में नर्सरी से लेकर कक्षा पाँच तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नर्सरी और एल.के.जी की छात्राओं सिमरा, आयजा और लिवा ने सुंदर नृत्य व गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं, कक्षा एक से चार तक के छात्रों, जिनमें अलीना, आहद, माहिया, दानियाल और अजीज शामिल थे। कविता पाठ और कार्ड मेकिंग के जरिए अपनी भावनाओं को उकेरा। बच्चों ने अपनी माताओं को हस्तनिर्मित सुंदर कार्ड और उपहार भेंट कर उन्हें भावुक कर दिया। घविद्यालय की प्रबंधिका ने अपने संबोधन में माताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि, ष्माँ हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती है।

## मां निस्वार्थ प्रेम, बलिदान और त्याग का पर्याय

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बताई मां की महत्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कारमेल पब्लिक स्कूल में मदर्स-डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के निस्वार्थ प्रेम, बलिदान और त्याग को प्रदर्शित किया। प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने कहा कि माँ जैसा व्यक्तित्व दुनिया में कोई दूसरा नहीं।

**■ कारमेल स्कूल में मदर्स-डे का कार्यक्रम आयोजित**

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये बताया कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है, जो जन्म से ही उसे संस्कार और शिक्षा देकर बेहतर इंसान बनाती है। प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान ने कहा कि मदर्स-डे जैसे कार्यक्रम बच्चों में अपनी माताओं के प्रति सम्मान, सराहना और कृतज्ञता की भावना विकसित करते हैं तथा उन्हें विशेष महसूस कराने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक भी बच्चों के लिए दूसरी मां के समान होते हैं। वे बच्चों के व्यक्तित्व और हुनर को निखारने का कार्य करते हैं। उप-प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने माँ की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संजय कुमार, अनीता भटनागर, पूजा सैनी, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं बच्चों ने शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया।

# बिजली संकट दूर करने को गरजे किसान

## अवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा मंडी समिति परिसर में एक महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह चौहान के संचालन और गेताश सिंह की अध्यक्षता में किसानों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

पंचायत में मुख्य रूप से अकड़ी फीडर से मिल रही कम बिजली आपूर्ति पर रोष व्यक्त किया गया। किसानों ने मांग की कि सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली सुनिश्चित की जाये। साथ ही, मध्य गंगा नहर में शीघ्र पानी छोड़ने की अपील की गई। ताकि गिरते जलस्तर में सुधार हो सके। चकबंदी विभाग की लाप. रवाही पर चर्चा करते हुए बताया गया कि ग्राम रजोंहा में वर्ष 2023 में धारा 52 लागू होने के बावजूद किसानों को अभी तक कब्जे नहीं मिले हैं। जिन्हें तुरंत दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा आवारा पशुओं से निजात और समय पर खाद उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान ब्रजपाल सिंह, यशपाल आर्य और तेजपाल सिंह राणा सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



# गला दबाने से हुई थी अवनेश की हत्या

## कॉल डिटेल के सहारे हत्यारोपियों तक पहुंचने में लगी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत गला दबाने से होना आया है। पुलिस युवक की मौत को गैर सम्प्रदाय की युवती से प्रेम प्रसंग या रंजिश के आधार पर जांच कर रही है। जबकि कॉल डिटेल के आधार पर भी पुलिस की जांच आगे बढ़ रही है।

बताते चलें कि बीते दिन आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल निवासी अवनेश पुत्र सियाराम का गांव के एक छोर पर उसकी टायर पंचर की दुकान पर चारपाई पर शव मिला था। मृतक के गले पर निशान हत्या की तरफ इशारा कर रहे थे। घटना स्तर पर पहुंची थाना पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद शव कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जिसके बाद मृतक के पिता सियाराम ने गांव निवासी होमगार्ड झंडू सिंह, उसकी पत्नी बेटों पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर की है। जबकि परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## प्रेम प्रसंग में तो नहीं हुई अवनेश की हत्या?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल में सियाराम के बेटे अवनेश की हत्या के मामले में पुलिस हर पहलू को गंभीरता से खंगाल रही है। प्रारंभिक जांच में मामला रंजिश और प्रेम प्रसंग से जुड़ा माना जा रहा है, लेकिन अब गांव में हत्या से पहले हुई एक पंचायत भी जांच के केंद्र में आ गई है।

सूत्रों के अनुसार, दो दिन पहले गांव में गैर समुदाय की एक किशोरी और अवनेश के प्रेम प्रसंग को लेकर संभ्रांत लोगों की पंचायत बैठी थी। ग्रामीण परंपरा के अनुसार पांच लोगों को "परमेश्वर" मानते हुए मामला उनके निर्णय पर छोड़ा गया था। बताया जा रहा है कि पंचायत में किशोरी का पिता भी मौजूद था और दोनों पक्षों ने आपसी जिम्मेदारी लेने की बात कही थी। ग्रामीणों के मुता. बिक पंचायत के दौरान किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया था। पंचायत खत्म होने के बाद मामला शांत माना जा रहा था, लेकिन शुक्रवार तड़के अवनेश की हत्या ने पूरे गांव को झकझोर दिया। अब पंकज त्यागी के नेतृत्व में पुलिस पंचायत में मौजूद लोगों की भूमिका, मोबाइल कॉल डिटेल और वीडियो फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं पंचायत में हुई बातचीत या किसी फैसले का हत्या से कोई संबंध तो नहीं।

# हसनपुर सीट कांग्रेस को छोड़ सकती सपा

## दो चुनावों में सपा को करारी हार का सामना करना पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** विधानसभा चुनाव में एक वर्ष से भी कम समय बचा है। परन्तु सभी राजनीतिक दलों ने सीटों पर प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हसनपुर में सपा नेताओं के लिए दुख भरी खबर है, इंडिया गठबंधन के तहत सपा यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ सकती है।

बताते चलें कि 2012 में विधानसभा चुनाव में हसनपुर ही नहीं जिले की चारों सीटों पर सपा ने अपना परचम बुलंद किया था। परन्तु 2017 के चुनाव में अमरोहा को छोड़ तीन सीटे भाजपा ने कब्जाई थीं। जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा व भाजपा ने दो-दो सीटों पर कब्जा जमाया था। 2024 का लोकसभा चुनाव सपा व कांग्रेस ने मिलकर लड़ा। प्रदेश की 80 सीटों में से सपा ने 37 जबकि कांग्रेस ने छह सीटे जीतीं। जबकि भाजपा को इस चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ा। संभावना जतायी जा रही है कि 2027 का विधानसभा चुनाव में सपा कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ेगी। कांग्रेस को सपा प्रदेश में 75 सीटे छोड़ सकती है। ऐसे में हर जिले में एक सीट कांग्रेस के हिस्से में आ सकती है। चूंकि अमरोहा व नौगांवा सीट पर सपा काबिज है। इन दोनों सीटों को कांग्रेस को देने का सवाल ही नहीं उठता जबकि सपा धनौरा की सीट भी मजबूत मान रही है। ऐसे में उम्मीद जतायी जा रही है कि सपा हसनपुर की सीट कांग्रेस को छोड़ सकती है। क्योंकि 2017 में पूर्व मंत्री कमाल अख्तर तथा 2022 में मुखिया गुर्जर को बड़े अंतर से यहां चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। लगातार दो बार से महेन्द्र सिंह खड़गवंशी यहां से विधायक हैं। हसनपुर सीट हिन्दू बाहुल्य मानी जाती है। यहां एक लाख दस हजार के करीब मुस्लिम मतदाता हैं। 2017 में कमाल अख्तर महेन्द्र सिंह खड़गवंशी से 27 हजार 770 वोटों से तो वहीं 2022 में सपा के मुखिया गुर्जर महेन्द्र सिंह खड़गवंशी से 22 हजार 380 वोटों से चुनाव हारे थे। जिस कारण सपा को हसनपुर की सीट कमजोर लगती है तथा पार्टी हाईकमान ने मन बना लिया है कि वह इस सीट को कांग्रेस को छोड़ सकती है। यह खबर सपा नेताओं के लिए बुरे सपने जैसी है। क्योंकि जब से परिसीमन में नई हसनपुर विधानसभा सीट बनी है लगातार सपा भाजपा को यहां कड़ी टक्कर देती रही है।

### धूमधाम से मना समर कूल कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** इनर व्हील क्लब ऑफ अमरोहा द्वारा समर कूल को फ्लोरल थीम पर मजेदार ढंग से मनाया गया। शनिवार को नौगवा रोड स्थित होटल में इनर व्हील क्लब के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत विशाल प्रिया टंडन ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में मनोरंजक हाउसी, रैंप वॉक, में सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। स्कूली बच्चों को बैग और जरूरतमंद व्यक्ति को हियरिंग एड्स वितरित किए गए। इस अवसर पर टीना, अँचला टंडन रीना माथुर, सीमा जैन, सुप्रिया, अंजुला अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, चेयरमैन शशि जैन, ममता गोयल, मंजू गोयल, डॉ. हर्षिता, स्वाति, दीपाली जैन, ममता गोयल, डॉ.सीमा अग्रवाल व शर्मिला गुप्ता मौजूद रही।

### जूनियर हाईस्कूल में दूसरे दिन भी चोरी का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में चोरों का आतंक लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिला। शनिवार को प्रधानाध्यापिका राफिया अहमद विद्यालय स्टाफ के साथ स्कूल पहुंचीं तो विद्यालय के दरवाजों के ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखा तो दूसरे कमरे में रखी सेफ अलमारी खुली हुई थी तथा उसमें रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज और किताबें बिखरी पड़ी थीं। घटना से विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया। प्रधानाध्यापिका ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

### 12 घंटे में बाइक चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का महज 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस बाइक भी बरामद कर ली है, जबकि उसके फरार साथी की तलाश में दबिश दी जा रही है। ग्राम प्रेमनगर निवासी सतपाल सिंह की स्प्लेंडर बाइक गुरुवार शाम शेरपुर बाजार से चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना मंडी धनौरा में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सूचना और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से घटना का खुलासा करते हुए ग्राम चकनवाला थाना गजरौला निवासी पुष्पेंद्र उर्फ भोलू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद कर ली गई।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ें छात्राएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** जिलाधिकारी डा. नितिन गौड़ ने निर्देश दिये कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ प्रतिदिन खेल गतिविधियां भी कराई जायें। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने गंगेश्वरी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में कुल 150 छात्राओं का नामांकन बताया गया, जिनमें से 120 छात्राएं उपस्थित थीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं की रहने की व्यवस्था, रसोई, बच्चों की पढ़ाई का स्तर तथा खेल एवं अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों में उनकी रुचि और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जहां पेंट खराब है, वहां तत्काल पुताई कराई जाए। प्रकाश की कमी को दूर करते हुए उचित लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। हवा के लिए खिड़कियां खुली रखी जाएं तथा खिड़की-दरवाजे साफ-सुथरे रखे जाएं। साथ ही रहने वाले क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाए। छात्राओं से बातचीत के दौरान अधिकांश ने बताया कि वे मुख्य रूप से कबड्डी और फुटबॉल खेलना पसंद करती हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों को और अधिक खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए, जिसमें बैडमिंटन, क्रिकेट आदि के उपकरण शामिल हों, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ प्रतिदिन कोई न कोई खेल गतिविधि में सभी छात्राएं भाग ले सकें। इस अवसर पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एसडीएम आदि मौजूद रहे।

## इटेलियन ओपन के दूसरे दौर में जोकोविच बाहर

**रोम, वार्ता।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में क्रोएशियाई युवा खिलाड़ी डिनो प्रिजिमक के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी बाहर हो गए,

जबकि पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव, एलेना रायबाकिना और इगा स्वियाटेक तीसरे राउंड में पहुंच गए। 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद जोकोविच और प्रिजिमक के बीच यह पहली भिड़ंत थी। जोकोविच ने शुरुआती सेट में ही बढ़त बना ली, छठे गेम में उन्होंने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट और वॉली के मेल से पॉइंट बनाया और फिर एक जोरदार फोरहैंड विनर के साथ गेम जीत लिया, जिसके बाद उन्होंने सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में प्रिजिमक ने जोरदार वापसी की, क्योंकि जोकोविच की पहली सर्विस की धार थोड़ी कम हो गई थी। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तेजी से 4-0 की बढ़त बना ली और 6-2 से सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट के पांचवें गेम में उन्होंने एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए जोकोविच को अंतिम 32 में जगह बनाने से रोक दिया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने कुल मिलाकर खराब खेला, सर्बियाई खिलाड़ी ने प्रिजिमक के प्रदर्शन की भी तारीफ की और कहा कि क्रोएशियाई खिलाड़ी ने निश्चित रूप से उच्च स्तर का टेनिस खेला है और पिछली भिड़ंत के मुकाबले उनके फोरहैंड में काफी सुधार हुआ है। पुरुष एकल के राउंड ऑफ 64 के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने अपने हमवतन जर्मन खिलाड़ी डैनियल अल्तमायर को 7-5, 6-3 से हराया।

# GT ने RR को दिया 230 रन का लक्ष्य

### सूर्यवंशी ने सिराज की पहली बाल पर छक्का लगाया, टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया, राजस्थान 26/0



**जयपुर, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में शनिवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ 230 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान यशस्वी जायसवाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 2 ओवर में बिना नुकसान के 26 रन बना लिए हैं। कप्तान यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर है। सूर्यवंशी ने मोहम्मद सिराज की पहली बाल पर छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। कप्तान शुभमन गिल ने 44 बाल पर 9 चौकों और 3 छक्कों से सजी अर्धशतकीय पारी खेली। साई सुदर्शन ने 36 बाल पर 55 रन बनाए। साई ने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। राजस्थान के बृजेश शर्मा को 2 विकेट मिले। दूसरे ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने कगिसो रबाडा की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी बाल को फाइन लगे और तीसरी बाल पर मिड विकेट पर सिक्स लगाए। पहले ओवर की तीसरी बाल पर वैभव सूर्यवंशी के पैर में लगी।

सिराज की मिडिल और आफ स्टंप पर बेहद फुल गेंद अंदर की ओर आई। सूर्यवंशी ने किसी तरह बल्ला नीचे लाकर गेंद को रोका, लेकिन गेंद अंदरूनी किनारा लेकर सीधे उनके टखने में लगी। ऐसे में मेडिकल टीम को मैदान पर आना पड़ा। कुछ देर के लिए खेल रोकना पड़ा है। वैभव सूर्यवंशी ने मैदान पर आते ही मोहम्मद सिराज की पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। वैभव ने शार्ट गेंद पर शानदार शाट खेलते हुए गेंद को लान्ग आन के ऊपर से स्टैंड में पहुंचा दिया। इसी के साथ वह टी-20 क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए। गुजरात की पारी के 20वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनके इस ओवर में 3 छक्के पड़े। तेवतिया ने पहली और दूसरी बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर चौथी बाल पर सुंदर ने सिक्स लगाया। 19वें ओवर में बृजेश शर्मा ने जेसन होल्डर (7 रन) को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल (84 रन) को भी आउट किया। 18वें ओवर में गुजरात ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। तुषार देशपांडे की पहली गेंद पर जेसन होल्डर ने चौका लगाया। इसी चौके के साथ टीम ने 200 का आंकड़ा पार किया। 17वें ओवर की दूसरी बाल पर गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान शुभमन गिल 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बृजेश शर्मा ने तुषार देशपांडे के हाथों कैच कराया। बृजेश के इस ओवर की पहली और आखिरी बाल पर सिक्स पड़े।

खेल विशेष

### भारत के साहिल ने कंपाउंड स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

**शंघाई (चीन), वार्ता।** भारत के साहिल जाधव ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप 2026 स्टेज 2 में पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। आज यहां 25 साल के भारतीय तीरंदाज ने कांस्य पदक मुकाबले में डेनमार्क के अनुभवी मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर अपना पहला तीरंदाजी विश्वकप पदक जीता। साहिल जाधव पहले सेट के आखिर में 30-29 से पीछे चल रहे थे, लेकिन अगले चार सेट में धीरे-धीरे वापसी करते हुए जीत पक्की कर ली। इससे पहले क्वार्टर-फाइनल में, आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय ने ऑस्ट्रिया के निको वीनर, जो 2021 के वर्ल्ड चैंपियन हैं, को शूट-ऑफ में हराया, जब दोनों तीरंदाज 147 पर बराबर थे। हालांकि, साहिल सेमीफाइनल में फ्रांस के निकोलस गिरार्ड - जो मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन हैं, से 147-145 से हार गए और कांस्य पदक प्लेऑफ में जगह बनाई।

### विश्व कप ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी नोरा फतेही

**टोरंटो, वार्ता।** बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक-ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13:30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र-मंच पर होगा, यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा। अलानीस मोरिसेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रएग्, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे।

### अब्बास का पंजा, पाकिस्तान ने बंगलादेश को 413 रन पर रोका

**मीरपुर, वार्ता।** मोहम्मद अब्बास (पांच विकेट), शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को बंगलादेश को पहली पारी को 413 रन के स्कोर पर रोक दिया। आज यहां बंगलादेश ने कल के चार विकेट पर 301 रन से आगे खेलना शुरु किया। बंगलादेश ने महज 112 रन जोड़कर आज अपने छह विकेट गंवा दिए। सुबह के सत्र में मोहम्मद अब्बास ने लिटन कुमार दास (33) रन को आउट कर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मेहदी हसन मिराज (10), तैजुल इस्लाम (17), इबादत हुसैन (शून्य) को भी अब्बास ने आउट किया।

# RCB की नजरें टॉप-2 में जगह बनाने पर



**रायपुर, वार्ता।** महत्वाकांक्षा और गौरव के बीच होने वाले एक रोमांचक मुकाबले में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को यहां शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 54वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) से भिड़ेगी। आरसीबी की नजर प्लेऑफ में जगह बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाने पर है, जबकि मुंबई अपने निराशाजनक अभियान में मुख्य रूप से अपने गौरव और प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है।

आरसीबी, जो पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर आराम से बैठी है, ने निडर टॉप-ऑर्डर बल्लेबाजी को अनुशासित गेंदबाजी के साथ मिलाकर टॉप-2 में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बनाए रखा है। हालांकि, हाल के मैचों में लगातार मिली हार ने उनके अभियान में थोड़ी बेचैनी पैदा कर दी है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, बेंगलुरु की टीम के लिए समीकरण सीधा है: लगातार जीत हासिल करें, वरना प्लेऑफ में जगह बनाने की कड़ी दौड़ में पिछड़ने का जोखिम उठाएं। इसके विपरीत, मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल के निचले हिस्से में संघर्ष कर रही है, जिसने दस मैचों में से केवल तीन में जीत हासिल की है। हालांकि उनके आगे बढ़ने की गणितीय संभावनाएं बहुत कम हैं, लेकिन अब उनका पूरा ध्यान अपने गौरव को बचाने और इस सीजन का समापन एक मजबूत अंदाज में करने पर है। अपने उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन के बावजूद, मुंबई अपने दिन एक खतरनाक टीम साबित हो सकती है, जिसके पास ऐसे अनुभवी मैच-विनर हैं जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। रायपुर की पिच इस मुकाबले में एक और रोमांचक पहलू जोड़ देती है। हाल के आईपीएल सीजनों में अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल हुई यह पिच, संतुलित परिस्थितियां प्रदान करने और मध्यम स्कोरिंग के अवसर देने की उम्मीद है। ऐतिहासिक रूप से, यह मैदान बहुत ज्यादा स्कोर वाला नहीं रहा है, यहां अक्सर धैर्य, साझेदारियों और गेंदबाजी में विविधता के समझदारी भरे इस्तेमाल को, विशो रूप से बीच के ओवरों में, सफलता मिलती है। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई, जिसकी अगुवाई विराट कोहली कर रहे हैं और जिसे फलि सॉल्ट तथा रजत पाटीदार का साथ मिल रहा है, इस सीजन की सबसे सफल बल्लेबाजी लाइन-अप में से एक रही है, खासकर पावरप्ले के दौरान। हालांकि, उनकी 'डेथ बॉलिंग' (अंतिम ओवरों की गेंदबाजी) को लेकर चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं, जो दबाव वाले पलों में रन लुटाने के प्रति संवेदनशील रही है। यदि मुंबई इंडियंस का टॉप-ऑर्डर शुरुआत में ही लय पकड़ लेता है, तो यह बात उन्हें एक मौका दे सकती है। मुंबई की बल्लेबाजी मुख्य रूप से रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अनुभवी तिकड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, ए तीनों ही बल्लेबाज एक बार पिच पर जम जाने के बाद तेजी से अपनी बल्लेबाजी की गति बदलने में सक्षम हैं।

## भारत का क्वार्टर फाइनल में चीन से मुकाबला

**सूझोउ (चीन), वार्ता।** अंडर-17 महिला एशियन कप के क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना मेजबान चीन से होगा।

भारत की क्वार्टरफाइनल में जगह लेबनान के खिलाफ चार गोलों की जीत की बदौलत सुनिश्चित हुई। शुक्रवार को सूझोउ ताइहु फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 पर मैच के बाद गोल करने वाली प्रीतिका बर्मन, अल्वा देवी सेनजम और जोया ने उस दिन पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसने भारत को इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार नॉकआउट चरण तक पहुंचाया। 4-0 की जीत में दो गोल करने वाली प्रीतिका बर्मन ने बताया कि उन्होंने मैच से एक रात पहले ही गोल करने की कल्पना कर ली थी। पश्चिम बंगाल की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैंने दो गोल किए और हमने बहुत अच्छा खेला। हमें यह मैच जीतना था, इसलिए सभी ने अपना सर्वश्रेठ दिया। जब हम अपना सर्वश्रेठ देते हैं, तो प्रदर्शन भी अच्छा होता है और गोल भी आते हैं। भारत को मैच शुरू होने से पहले ही पता था कि आगे बढ़ने के लिए जीत जरूरी है। यंग टाइग्रेस ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 2005 के बाद इस टूर्नामेंट में अपने पहले गोल दर्ज किए। प्रीतिका ने सातवें मिनट में शानदार व्यक्तिगत प्रयास से पहला गोल किया और बाद में दूसरा गोल भी दागा।

## सूर्यकुमार मुंबई-आरसीबी मुकाबले में खेलने के लिए तैयार



**रायपुर, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव रविवार को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि उनके खेलने पर कभी कोई शक था, लेकिन हाल ही में उनकी पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया है,

जिसके चलते थोड़ी अनिश्चितता थी कि क्या वह अपने परिवार में नए सदस्य के आने के ठीक 48 घंटे बाद समय पर रायपुर पहुंच पाएंगे या नहीं। हालांकि, क्रिकबज इस बात की पुटि कर सकता है कि सूर्यकुमार-जो भारत के टी20आई कप्तान हैं और जिन्होंने 4 मई को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी-ने टीम मैनेजमेंट को अपनी उपलब्धता के बारे में बता दिया है। उनके जल्द ही रायपुर पहुंचने की उम्मीद है। क्या टी20 विश्व कप जीतने वाले यह कप्तान रविवार को फिर से टीम की कप्तानी करेंगे, यह नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की रिकवरी पर निर्भर करेगा, हार्दिक पीठ की ऐंठन के कारण 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए थे। अब सब कुछ मुंबई टीम के स्पोर्ट्स मेडिसिन हेड बेन लैंगली और फिजियो नितिन पटेल पर निर्भर करता है। जानकारी के अनुसार, पंड्या ने शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट दिया और शनिवार को उनकी फिर से जांच की जाएगी। जाहिर है, उन्होंने रायपुर में टीम के साथ अभ्यास नहीं किया, लेकिन उम्मीद है कि वह शाम को बाद में अभ्यास करेंगे।

## केएल राहुल ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर रहे बरकरार



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप तालिका के र्ग 10 या यहां तक कि शीर्ष 20 रन स्कोरर्स की सूची में अधिक बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पहले से ही तीसरे स्थान पर मौजूद केएल राहुल ने 23 रन की पारी खेलकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। अब वह 468 रन के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

इस मामले में 494 रन के साथ हाइनरिक क्लास शीर्ष पर तथा 475 रन बनाने वाले अभिोक शर्मा दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले मुकाबले में हमेशा की तरह वैभव सूर्यवंशी पर निंगाहें रहेंगी। इसके अलावा जीटी के ओपनर बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल भी रेस में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। सूर्यवंशी फलिहाल 404 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जबकि साई सुदर्शन 385 रन के साथ सातवें और गिल 378 रन के साथ दसवें स्थान पर हैं। ऑरेंज कैप तालिका में कार्तिक त्यागी इस सीजन केकेआर के लिए लगातार विकेट निकाल रहे हैं। पिछले चार मैचों में उन्होंने आठ विकेट लिए हैं, जिसमें शुक्रवार को मिले दो विकेट भी शामिल हैं। अब उनके कुल 13 विकेट हो गए हैं। हालांकि वे अभी टॉप खिलाड़ियों से थोड़ा पीछे हैं, लेकिन तेजी से ऊपर बढ़ रहे हैं। इस तालिका में शीर्ष पांच में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भुवनेश्वर कुमार और अंशुल कम्बोज 17.17 विकेट के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं, जहां दोनों के बीच अंतर इकॉनमी रेट का है। वहीं 16 विकेट के साथ प्रिस यादव, कगिसो रबाडा और इशान मलिगा मौजूद हैं। शनिवार को रबाडा मैदान पर उतरेंगे। पिछले छह मैचों में उनके नाम 12 विकेट हैं और अगर उन्होंने यही लय बरकरार रखी, तो शनिवार रात उनके सिर पर पर्पल कैप भी हो सकती है। हालांकि अगर जोफ्रा आर्चर भी अच्छी लय में रहें तो मामला अलग हो सकता है। उनके नाम 15 विकेट हैं और वे टॉप पांच से ज्यादा दूर नहीं हैं।

## लियोनेल मेसी ने वर्ल्ड कप में नेमार की वापसी का समर्थन किया



**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी का मानना है कि नेमार अभी भी फुटबॉल के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्राजील का यह फॉरवर्ड अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए समय पर वापसी कर लेगा। ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी नेमार ने अक्टूबर 2023 के बाद से अपने देश के लिए कोई मैच नहीं खेला है।

उस समय उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच के दौरान उनके घुटने का एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) टूट गया था। अपने बचपन के क्लब सैंटोस में लौटने के बाद से उनकी चोटों की समस्याएं जारी रही हैं। इस वजह से इस साल सभी प्रतियोगिताओं में वह सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं, जबकि 2025 में उन्होंने 28 मैच खेले थे। मेसी ने 'लो डेल पोलो' शो में कहा कि हम चाहते हैं कि सबसे बेहतरीन खिलाड़ी (वर्ल्ड कप में) मौजूद हों और नेमार, चाहे उनकी फॉर्म कैसी भी हो, हमेशा उन बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहेंगे। वर्ल्ड कप में उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार होगा, क्योंकि ब्राजील और फुटबॉल के लिए उनका बहुत बड़ा महत्व है। मुझे उम्मीद है कि वह वहां मौजूद होंगे, लेकिन मैं इस मामले में पूरी तरह से निपक्ष नहीं हो सकता, क्योंकि मेरे हिंसाब से उन्हें हमेशा वहां होना ही चाहिए। नेमार और मेसी ने 2013 से 2017 तक बार्सिलोना में एक साथ खेला था, और फिर 2021 से 2023 तक पेरिस सेंट-जर्मेन में भी वे टीममेट रहे थे। मेसी ने माना कि उनकी दोस्ती की वजह से उनके लिए निपक्ष रहना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। मैं पूरी तरह से निपक्ष नहीं हो सकता। नेमार मेरा दोस्त है, जाहिर है, मैं चाहूंगा कि वह वर्ल्ड कप में खेले और उसके साथ सब कुछ अच्छा हो, क्योंकि वह जिस तरह का इंसान है।

## हमारा आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ था: कैमरून ग्रीन



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स को उसी के मैदान में आईपीएल मुकाबले में आठ विकेट से पराजित करने के बाद कोलकाता नाईट राइडर्स के कैमरून ग्रीन ने कहा कि टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत के बावजूद टीम का आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ था।

केकेआर ठीक सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आती दिख रही है। टूर्नामेंट की शुरुआत उनके लिए काफी मुश्किल रही, पहले छह मैचों में उन्हें कोई जीत नहीं मिली, लेकिन अब उन्होंने रफ्तार पकड़ ली है और लगातार चार मैच जीत लिए हैं। ग्रीन ने मैच के बाद शुक्रवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारा आत्मविश्वास कभी कम हुआ था। मुझे लगता है कि पूरे टूर्नामेंट में, यहां तक कि कोई मैच जीतने से पहले भी, हमारी टीम का माहौल बहुत अच्छा रहा है।

कुछ खिलाड़ियों ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम हर मैच हार रहे हैं, क्योंकि हर कोई बहुत उत्साहित और जोश से भरा हुआ था। ग्रीन से जब टूर्नामेंट में एक बड़ी कीमत पर शामिल होने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सपोर्ट स्टाफ ने मुझ पर कभी कोई दबाव नहीं डाला। मुझे लगता है कि पहले दिन से ही वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। उन्होंने कभी मुझे यह महसूस नहीं कराया कि टीम के किसी और खिलाड़ी के मुकाबले मुझ पर कोई ज्यादा दबाव है। ग्रीन ने अपनी फटिनेस को लेकर जताई जा रही चिंताओं को भी दूर करते हुए कहा कि वह चार ओवर गेंदबाजी करने के लिए 100 फीसदी तैयार हैं।

# युद्ध से पहले परमाणु हथियार बना रहा था ईरान, कोई सबूत नहीं

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र प्रमुख जो केंट ने तथ्यों के साथ किया बड़ा दावा



■ सीआईए सहित सभी अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था: केंट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (एनसीसी) प्रमुख जो केंट ने दावा किया है कि हालिया युद्ध से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का आकलन था कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था। केंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सीआईए सहित सभी अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था।

उन्होंने कहा कि किसी भी हमले की स्थिति में यह आशंका थी कि ईरान क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएगा और होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करेगा। उन्होंने लिखा कि इस युद्ध की कई त्रासदियों में से एक यह है कि युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा, जिसमें सीआईए भी शामिल है। केंट ने आरोप लगाया कि इजरायल ने अमेरिकी नीति निर्धारण को प्रभावित किया और इजरायल ने बहस जीतकर हमें इस युद्ध में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि वह सैद्धांतिक रूप से ईरान युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। उनके अनुसार ईरान से अमेरिका को कोई 'तत्काल खतरा' नहीं था और यह स्पष्ट है कि अमेरिका इस युद्ध में 'इजरायल और उसके प्रभावशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव' में शामिल हुआ। केंट ने दावा किया कि खुफिया एजेंसियों ने पहले ही आगाह किया था कि ईरानी नेतृत्व को निशाना बनाने से वहां के सत्तारूढ़ तंत्र और कट्टरपंथियों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सटीक खुफिया आकलनों के बावजूद राजनीतिक दबाव के कारण सैन्य कार्रवाई का फैसला लिया गया। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी 2026 को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं का हवाला देते हुए उस पर हमला शुरू किया था। केंट ने आरोप लगाया कि युद्ध के दौरान ट्रम्प प्रशासन अपने घोषित उद्देश्यों को लगातार बदलता रहा। केंट ने कहा कि उन्होंने मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था क्योंकि वह 'ईरान के खिलाफ अनुचित अमेरिकी-इजरायली आक्रामकता' का विरोध कर रहे थे। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा था कि ईरान अमेरिका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं था और कुछ राजनीतिक शक्तियों ने बाहरी प्रभाव में आकर अमेरिका को युद्ध में धकेला। उन्होंने अमेरिकी विदेश नीति की भी आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक नैरेटिव के कारण खुफिया सूचनाओं को कमजोर किया गया और युद्ध को इजराइल तथा उसके समर्थकों के दबाव में आगे बढ़ाया गया। उन्होंने आशंका जताई कि यह संघर्ष अमेरिका को एक और लंबे पश्चिम एशिया युद्ध में धकेल सकता है और युद्ध तक पहुंचने वाली निर्णय प्रक्रिया की पुनर्समीक्षा की जरूरत है। उन्होंने लिखा कि जून 2025 तक आप समझते थे कि मध्य-पूर्व के युद्ध एक जाल हैं, जिन्होंने अमेरिका के सैनिकों की जान ली और देश की समृद्धि को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने ट्रम्प के पहले कार्यकाल में कासिम सुलेमानी की हत्या और आईएसआईएस के खिलाफ कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय सैन्य शक्ति का उपयोग बिना लंबे युद्ध में फंसे किया गया था।



**प्रयागराज। भीषण गर्मी में कपड़ा ढक्कर अपने बच्चे को धूप से बचाती महिला।**

## महान विजय की 81वीं वर्षगांठ पर समारोह में भाग लेंगे तोकाएव

**मास्को।** कजाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव मास्को में रूस के विजय दिवस समारोह में शामिल होंगे। कजाखस्तान राष्ट्रपति के प्रेस सचिव ऐबेक स्मादियारव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्मादियारव ने टेलीग्राम पर कहा कि राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव रूस की महान विजय की 81वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मास्को में आयोजित समारोहों में भाग लेंगे। रूस ने कजाख नेता के निर्णय पर संतोष व्यक्त किया है और उनकी मास्को की आगामी कार्य यात्रा को एक 'मैत्रीपूर्ण कदम' बताया है। स्मादियारव ने बताया कि तोकाएव की मास्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक की योजना भी बनाई गई है।

## ब्रिटेन के चुनाव परिणाम सत्तारूढ़ लेबर पार्टी का जनाधार खोने का संकेत

**लंदन।** ब्रिटेन में सात मई को 136 क्षेत्रों में नगर परिषदों की लगभग 5000 सीटों के लिए चुनाव हुए। देश में अभी भी कुछ वोटों की गिनती जारी है लेकिन एक बात स्पष्ट हो चुकी है कि प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की लेबर पार्टी को भारी झटका लगा है। स्कॉटलैंड और वेल्स में क्रमशः 129 और 96 संसदीय सीटों पर एक ही दिन चुनाव हुए। वर्ष 2024 के बाद से यह सबसे बड़ा चुनाव रहा है और इसे व्यापक रूप से स्टारमर के प्रधानमंत्रित्व काल की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। निंगेल फराज के नेतृत्व वाली रिफॉर्म यूके को चुनावों का सबसे बड़ा विजेता माना जा रहा है। स्काई न्यूज के अनुसार, इसने अब तक 1422 सीटें जीती हैं। लेबर पार्टी 980 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि लिबरल डेमोक्रेट्स और कंजरवेटिव पार्टी क्रमशः 834 और 754 सीटों के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। प्लाइड सिमरु, जो वेल्स की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध एक मध्य-वामपंथी पार्टी है, 43 सीटों के साथ वेल्स सेनेड में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। रिफॉर्म यूके 34 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि लेबर पार्टी नौ सीटों के साथ बहुत पीछे तीसरे स्थान पर है।

## अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने राजनयिक प्रयासों को सराहा

# बड़ी ताकत बनकर उभरे मुजतबा खामेनेई

## ईरान के सर्वोच्च नेता जंग की रणनीति और राजनयिक वार्ता दोनों का कर रहे नेतृत्व



■ अमेरिका से समझौते के राजनयिक प्रयासों का मार्गदर्शन करने में गहराई से लगे हुए

**वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई संघर्ष के दौरान देश की युद्ध रणनीति को आकार देने और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ राजनयिक बातचीत में शामिल अधिकारियों को निर्देशित करने वाले प्रमुख चेहरे के रूप में उभरे हैं। ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के पहले ही दिन उनके पिता और ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और कई वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए थे। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के आकलन के अनुसार, उसी हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मुजतबा कथित तौर पर ईरान की युद्धकालीन रणनीति बनाने, सैन्य अभियानों का निर्देशन करने और अमेरिका से समझौते के राजनयिक प्रयासों का मार्गदर्शन करने में गहराई से लगे हुए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मुजतबा के चेहरे, हाथ, धड़ और पैर काफी ज्यादा झुलस गए थे। अमेरिकी खुफिया एजेंसी का मानना है कि वह सार्वजनिक नजरों से दूर रहकर स्वस्थ होने के साथ-साथ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वह किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार से जानबूझकर बच रहे हैं और केवल व्यक्तिगत मुलाकातों या संदेशवाहकों के जिरए हस्तलिखित नोटों से ही संवाद कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशक्यान ने इस सप्ताह पुष्टि की कि उन्होंने मुजतबा के साथ ढाई घंटे तक आमने-सामने बैठक की। हमले के बाद नए सर्वोच्च नेता और ईरान के किसी वरिष्ठ अधिकारी के बीच यह पहली सार्वजनिक रूप से पुष्ट मुलाकात थी। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय में प्रोटोकॉल प्रमुख मजाहिर हुसैनी ने शुक्रवार को कहा कि खामेनेई अपनी चोटों से उबर रहे हैं और अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। सीएनएन के अनुसार, हुसैनी ने सर्वोच्च नेता की स्थिति को लेकर चिंताओं को कम करने की कोशिश की और कहा कि खामेनेई के पैर और पीठ के निचले हिस्से में मामूली चोटें आई थीं। उन्होंने यह भी बताया कि छर्रे का एक छोटा-सा टुकड़ा उनके कान के पीछे लगा था, लेकिन घाव अब भर रहे हैं। ईरान में एक जनसमूह को संबोधित करते हुए हुसैनी ने कहा कि खुदा का शुक्र है कि वह स्वस्थ हैं। दुश्मन हर तरह की अफवाहें फैला रहा है और झूठे दावे कर रहा है। वे उन्हें देखना और ढूंढ़ना चाहते हैं, लेकिन लोगों को धैर्य रखना चाहिए और जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। सही समय आने पर वह आपसे बात करेंगे। अमेरिकी विश्लेषक स्वीकार करते हैं कि वे मुजतबा की मौजूदगी की पुष्टि प्रत्यक्ष तौर पर नहीं कर सकते। कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि ईरान के सत्ता ढांचे के भीतर मौजूद अधिकारी अपने निजी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उन तक अपनी पहुंच को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। ईरान का दैनिक परिचालन प्रबंधन इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ के सहयोग से चलता प्रतीत होता है। गालिबाफ ने ही अमेरिका के साथ परमाणु और युद्धविराम वार्ता के पहले दौर का नेतृत्व किया था।

### ईरान के लगभग दो-तिहाई मिसाइल लॉन्चर अब भी चालू


**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, अनिश्चितता के बावजूद युद्ध ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को कम जरूर किया है, लेकिन उन्हें पूरी तरह नष्ट नहीं किया है। खुफिया जानकारी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, ईरान के लगभग दो-तिहाई मिसाइल लॉन्चर अब भी चालू माने जा रहे हैं। यह आंकड़ा पिछले अनुमानों से कहीं अधिक है। इसका आंशिक कारण वर्तमान में जारी युद्धविराम है, जिसने ईरान को संभलने और उन लॉन्चरों को बाहर निकालने का समय दे दिया है, जो पिछले हमलों के दौरान दब गए थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सीआईए के एक आकलन में यह निष्कर्ष भी निकाला गया है कि ईरान भारी आर्थिक संकट का सामना करने से पहले अमेरिका के नेतृत्व वाली वर्तमान नाकेबंदी को अगले चार महीनों तक और झेल सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के शासन ढांचे को 'पूरी तरह से बिखरा' बताया है। वहीं ह्वाइट हाउस ने इस बात पर जोर दिया है कि सैन्य दबाव, आर्थिक अलगाव और आंतरिक कलह ने ईरानी शासन को काफी कमजोर कर दिया है।

## ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

■ इस तरह की सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है
■ अमेरिकी वित्त विभाग ने भी 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क की सहायता करने के आरोप में कई संस्थानों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें वे कंपनियां भी शामिल हैं जिन पर कथित तौर पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के खिलाफ ईरानी हमलों में मदद करने के लिए उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने का आरोप है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह चित्र और संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अमेरिका ने कहा कि इस तरह की सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जिन पर ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से संबंधित हथियार और कच्चा माल प्राप्त करने में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ए उपाय 'नेशनल सिक्योरिटी प्रेसिडेंशियल मेमोरेंडम 2' के तहत ईरान की सैन्य आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित करने और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के बाद उसके प्रसार-संवेदनशील कार्यक्रमों को फिर से खड़ा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के व्यापक अभियान का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई परमाणु प्रतिबद्धताओं के प्रति ईरान की 'बेहद लापरवाही' दिखाने के बाद सितम्बर 2025 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों को फिर से लागू किए जाने के बाद की गई है। इन उपायों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1929 के तहत ईरान को पारंपरिक हथियारों के हस्तांतरण, तकनीकी सहायता और संबंधित सेवाओं पर प्रतिबंध शामिल हैं।

## पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को जायज ठहराया



■ जीत हमेशा हमारी रही

**मॉस्को।** रूस ने महान देशभक्ति युद्ध में विजय की 81वीं वर्षगांठ लाल चौक पर भव्य परेड के साथ मनाई। इस अवसर पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को नाजी जर्मनी के विरुद्ध सोवियत संघ के संघर्ष और यूक्रेन के साथ रूस के मौजूदा टकराव को जोड़ने की कोशिश की।

इसे उन्होंने एकीकृत पश्चिमी गुट के साथ व्यापक संघर्ष का हिस्सा बताया। पच्चीस वर्षों से अधिक समय से रूस पर शासन कर रहे पुतिन लगातार द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत विजय को राष्ट्रीय पहचान की नींव और अपने नेतृत्व तथा यूक्रेन युद्ध के लिए समर्थन जुटाने के एक मार्गदर्शक उपाय के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं। इस वर्ष रेड स्क्वायर पर विजय दिवस समारोह में अपने संबोधन में, उन्होंने एक बार फिर उस विरासत का हवाला देते हुए वर्तमान सैन्य कार्रवाइयों को परिभाषित किया और रूस को 'पूरे नाटो गुट द्वारा समर्थित आक्रामक शक्ति' का सामना करने वाले देश के रूप में चित्रित किया। पुतिन ने अतीत और वर्तमान के सैन्य संघर्षों के बीच निरंतरता पर जोर देते हुए कहा कि रूसी सेनाएं 'युद्धकालीन पीढ़ी की परंपराओं को आगे बढ़ा रही हैं' और अब 'पूरे नाटो गुट द्वारा समर्थित आक्रामक शक्ति' का सामना कर रही हैं। उन्होंने रूस के रक्षा क्षेत्र पर भी प्रकाश डाला और कहा कि देश 'युद्ध के अनुभव पर आधारित आधुनिक हथियार' बना रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि युद्ध के अनुभवों से मिले सबक वर्तमान सैन्य विकास में किस प्रकार लागू किए जा रहे हैं। पुतिन ने आगे इस बात पर बल दिया कि 'महान देशभक्ति युद्ध' का स्मरण केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि आवश्यक है। उन्होंने इसे 'सम्मान का विषय' बताया। उन्होंने 22 जून, 1941 को सोवियत संघ पर नाजी आक्रमण को राष्ट्रीय इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बताया और बलिदान और दृढ़ता के भाव को बल दिया।

# ईरान के खिलाफ लापरवाह सैन्य अभियान चला रहा अमेरिका

## ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहाः ईरान के लोग दबाव के आगे कभी नहीं झुकेंगे

■ इसका उद्देश्य फरवरी में अमेरिका और इजरायल के साथ शुरू हुए ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को संभव बनाना है



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि जब कभी राजनयिक समाधान का विकल्प मौजूद होता है तो वह लापरवाह सैन्य अभियान का मार्ग चुनता है। यह जानकारी बीबीसी ने शनिवार को दी।

अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईरान के लोग दबाव के आगे कभी नहीं झुकेंगे। उनका बयान दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले शुरू करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद और अमेरिका द्वारा और अधिक ईरानी जहाजों पर गोलीबारी करने के बाद आया है। झड़पों के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम बरकरार है। इसका उद्देश्य फरवरी में अमेरिका और इजरायल के साथ शुरू हुए ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को संभव बनाना है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा ईरान से अमेरिकी प्रस्तावों पर जवाब देने की उम्मीद है। इटली की यात्रा के दौरान रुबियो ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह एक गंभीर प्रस्ताव है और मैं वास्तव में यही चाहता हूं। ईरान, अमेरिका और इजरायल के हमलों के प्रतिशोध में होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए हुए है और खाड़ी में अमेरिकी सहयोगियों पर हमले कर रहा है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी महत्वपूर्ण जलमार्ग से होता है जिसके अवरुद्ध होने से कीमतों में भारी उछाल आया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, ट्रम्प ने फरवरी से इस क्षेत्र में फंसे लगभग 2,000 जहाजों को मुक्त कराने में मदद करने के लिए एक अमेरिकी सैन्य अभियान शुरू किया और फिर उसे रोक दिया। अमेरिका, ईरान पर अमेरिकी शर्तों को मानने के लिए दबाव डालने के उद्देश्य से ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी भी बनाए हुए है और इस कदम से तेहरान नाराज है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में एक ईरानी बंदरगाह में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे दो ईरानी ध्वज वाले खाली तेल टैंकरों को निष्क्रिय कर दिया जो चल रही अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहे थे। बयान में कहा गया कि अमेरिकी सेना ने नियमों का पालन न करने वाले जहाजों के चिमनियों पर सटीक गोलाबारी करके उन्हें ईरान में प्रवेश करने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी सेना 70 से अधिक टैंकरों को ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने या बाहर निकलने से रोक रही है। गुरुवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में हुई झड़पों के बाद अमेरिका ने नए हमले किए, जिसके लिए दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को दोषी ठहराया।

# ट्रम्प ने की रूस-यूक्रेन के बीच तीन दिवसीय युद्धविराम की घोषणा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1000 कैदियों की अदला-बदली का भी किया ऐलान



■ इस समझौते से न केवल सैन्य अभियान रुकेंगे बल्कि युद्ध शुरू होने के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली भी होगी: डोनाल्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों दौरान रूस और यूक्रेन के बीच तीन दिन के युद्धविराम और 1000 कैदियों की अदला-बदली की घोषणा की है। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से न केवल सैन्य अभियान रुकेंगे बल्कि युद्ध शुरू होने के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली भी होगी।

रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के साथ नौ से 11 मई तक युद्धविराम करने और इस अवधि के दौरान यूक्रेन के साथ 'हजार के बदले हजार' कैदियों की अदला-बदली करने की ट्रम्प की पहल पर सहमति व्यक्त की है। यह अस्थाई युद्धविराम नौ मई से 11 मई तक रहेगा और यह चार साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में जारी राजनयिक प्रयासों के बीच हुआ है। ट्रम्प की घोषणा के कुछ ही समय बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने पुष्टि किया कि यूक्रेन युद्धविराम में शामिल होगा। रूसी सरकारी मीडिया ने भी कहा कि रूस ने प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। जेलेंस्की ने एक्स पर पुष्टि किया कि युद्धविराम की व्यवस्था अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध को समाप्त करने के लिए किए जा रहे वार्ता प्रयासों के अंतर्गत की गई है जो अब चार साल से अधिक समय से चल रहा है। उशाकोव ने बाद में कहा कि अमेरिकी प्रशासन के साथ हमारी टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान इस मामले पर एक समझौता हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधि यूक्रेन के संपर्क में भी थे। उशाकोव के अनुसार, यह समझौता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ट्रम्प के बीच हाल ही में हुई फोन कॉल के बाद हुआ, जिसके दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हमारे देश सहयोगी थे और विजय दिवस समारोह के दौरान युद्धविराम की संभावना पर भी चर्चा की। यह घोषणा कई दिनों से बढ़ते तनाव के बाद हुई है,जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों एक-दूसरे पर रूस के विजय दिवस समारोह से जुड़े अलग-अलग युद्धविरामों के बावजूद हमले जारी रखने का आरोप लगा रहे हैं। रूस ने इससे पहले नौ मई के विजय दिवस समारोह से जुड़ा एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की थी जबकि यूक्रेन ने कहा कि उसने पहले ही छह मई से व्यापक युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था, लेकिन दावा किया कि रूस ने इस प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया।लगभग दो दशकों में पहली बार, रूस में विजय दिवस परेड में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा क्योंकि यूक्रेन द्वारा समारोहों को बाधित करने के प्रयास की आशंकाओं के कारण अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने मास्को और सेंट पीटर्सबर्ग दोनों शहरों के निवासियों को चेतावनी दी है कि सुरक्षा कारणों से आयोजनों के दौरान मोबाइल इंटरनेट की सुविधा प्रतिबंधित हो सकती है।

## रूस-सऊदी अरब ने ईरान तथा अरब देशों के बीच सामान्य संबंधों का समर्थन कियाः लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उनके सऊदी समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद के बीच फोन पर बातचीत में दोनों पक्षों ने ईरान और अरब राजतंत्रों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का समर्थन किया। रूसी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरान और अरब देशों (जहां राजशाही है) के बीच लंबे समय के लिए रिश्ते सुधारने और सामान्य बनाने की कोशिशें दोबारा शुरू करना सही माना गया है। मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों का आवागमन संघर्ष-पूर्व की स्थितियों में बहाल किया जाना चाहिए।

## इम्फालः मणिपुर में नौ उग्रवादी और ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 7 और 8 मई को चलाए गए अभियानों के दौरान नौ सक्रिय उग्रवादियों, जबरन वसूली करने वालों और नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से हथियार, गोला-बारूद, भारी मात्रा में ड्रग्स, नकदी और वाहन जब्त किए गए हैं। गत 7 मई को चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के जोउ वेंग इलाके में सुरक्षा बलों ने केएनए (बी) के एक सक्रिय उग्रवादी लालथांगजॉन को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, मैगजीन, सात कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। उसी दिन, इंफाल पूर्वी जिले के पोरमपत थाना क्षेत्र से एक महिला उग्रवादी को भी हिरासत में लिया गया। गत 8 मई को सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिमी जिले के हियांगथांग इलाके से एक अन्य उग्रवादी को गिरफ्तार किया। इसी दिन, कांगपोकपी जिले के पांगमौल गांव से जबरन वसूली करने वाले दो युवकों-थांगजामंग हाओकिप और हेनमिनलुन उर्फ बोइलुन मिसाओ को पकड़ा गया। ये दोनों कथित तौर पर मार्ग में ट्रकों को रोककर चालकों से पैसे वसूल रहे थे। ड्रग्स के खिलाफ की गई कार्रवाई में 8 मई को पुलिस ने चुराचांदपुर के हिलटाउन क्षेत्र से नेखोलुन हांगशिंग को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1-360 किलोग्राम संदिग्ध 'ब्राउन शुगर' से भरे 118 डिब्बे बरामद किए गए। इससे पहले 7 मई को सेनापति जिले के टी खुल्लेन नाका चेकपोस्ट पर सुरक्षा बलों ने दो वाहनों को रोककर तीन संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया।



# दिशा पाटनी का दिखेगा एक्शन अवतार

# द पोर्टल ऑफ फोर्स का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के पहले इंटरनेशल प्रोजेक्ट द पोर्टल ऑफ फोर्सष का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नजर आती हैं, जो इस एपिक सुपरनैचुरल कहानी का इमोशनल और नैरेटिव सेंटर है।

कहानी दो प्राचीन गुटों स्टैटिंगाड्र्स वर्सेस होलीगाड्र्स सागा के बीच चल रही जबरदस्त टक्कर पर आधारित है। द पोर्टल ऑफ फोर्स की पहली फिल्म है, जो एक नए सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करती है, जिसे लाडो ओखोटनिकोव ने बनाया है। कहानी के मूल में है दो पुरानी ताकतों की भिड़ंत। स्टैटिंगाड्र्स, जो दुनिया को बैलेंस में रखने वाले नियम और व्यवस्था के पक्ष में हैं, और होलीगाड्र्स, जो



बिल्कुल अलग विचारधारा पर चलते हैं।

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, जेसिका का अलौकिक परिवर्तन देखने को मिलता है। दिशा पाटनी ने कहा, मैं इस खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर के लिए काफी एक्साइटेड थी। मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट करना एक साथ थ्रिलिग और डराने वाला एक्सपीरियंस था,लेकिन सीखने के मौके बहुत बड़े थे। इतने अनुभवी कास्ट के साथ काम करना अपने आप में एक लर्निंग था।



# दर्शन ने गाना ओनली माइन किया रिलीज

**मुंबई।** दर्शन रावल ने आज अपना नया गाना 'ओनली माइन रिलीज किया, जो गहरे और सच्चे प्यार की भावना को दिखाता है। इस गाने को दर्शन रावल ने खुद गाया और कंपोज किया है। इसके बोल उन्होंने सिद्धार्थ अमीर भावसार और यंगवीर के साथ मिलकर लिखे हैं। वहीं, मिर देसाई ने इसका म्यूजिक तैयार किया है। दर्शन रावल ने कहा, यह मेरे बाकी गानों से काफी अलग है। यह एक एक्सपेरिमेंटल और बहुत पैशनेट गाना है। मैंने इसकी धुन बनाई और जब मिर देसाई को सुनाई, तो उन्हें यह बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा कि यह मेरे पहले के गानों से काफी अलग है। इसके बाद हमने इसे पूरी तरह लाइव रिकॉर्ड करने का फैसला किया।

# बाबिल खान शूटिंग के बीच संगीत में ढूंढते हैं सुकून

**मुंबई।** अभिनेता बाबिल खान अपनी अगली प्रोजेक्ट की व्यस्त शूटिंग के बीच अपने सबसे बड़े शौक में से एक संगीत की ओर लौट रहे हैं, ताकि खुद को सुकून दे सकें, तरोताजा कर सकें और खुद से दोबारा जुड़ सकें।

लंबे शूटिंग घंटों के बीच बाबिल अपना खाली समय अपनी वैनिटी वैन में गिटार के साथ बिताते नजर आते हैं और शॉट्स के बीच के शांत पलों का भरपूर आनंद ले रहे हैं। संगीत के प्रति अपने प्यार और स्वाभाविक गायन प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता अक्सर सामाजिक माध्यमों पर अपने संगीत से जुड़े पल प्रशंसकों के साथ साझा करते रहते हैं - कभी सहज संगीत सत्र तो कभी अपनी आवाज की छोटी झलकियां। बाबिल के लिए ए पल व्यस्त दिनचर्या के बीच थोड़ा रुकने और खुद के साथ समय बिताने का एक खास तरीका बन गए हैं। कैमरे से परे भी संगीत उनकी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बना हुआ है।

बाबिल खाान ने कहा, जब भी मुझे काम के बीच थोड़ा समय मिलता है, मैं अपने आप संगीत की तरफ खिच जाता हूं। गिटार बजाना और गाना हमेशा से मुझे बेहद पसंद रहा है। यह मजेदार भी है, सुकून देने वाला भी और खुद के साथ समय बिताने का मेरा तरीका भी। जहां बाबिल अपनी अगली प्रोजेक्ट पर काम में जुटे हुए हैं, वहीं उनके ए सहज संगीत भरे पल प्रशंसकों को खूब पसंद आ रहे हैं। यह न सिर्फ एक अभिनेता के रूप में उनकी विविधता दिखाते हैं, बल्कि कला के प्रति उनका सच्चा प्रेम भी सामने लाते हैं। हर सुर और हर गीत के साथ बाबिल खान यह साबित कर रहे हैं कि खुद को जमीन से जुड़ा रखने का सबसे अच्छा तरीका वही है, जिसे आप सबसे ज्यादा प्यार करते हैं।

# हेली शाह की लोकप्रिय सीरीज गुल्लक 5 में एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री हेली शाह अब टीवीएफ की बेहद पसंदीदा सीरीज गुल्लक के सीजन 5 में नजर आने वाली हैं। मिडिल क्लास भारतीय परिवार की सादगी, अपनेपन और रोजमर्रा की चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाने वाली इस सीरीज ने पिछले कुछ वर्षों में दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। फिलहाल मिश्रा परिवार की भावुक और मजेदार कहानियों से जुड़ाव महसूस करने वाले फैंस अब नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हेली शाह, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है, इससे पहले भी गुल्लक की दुनिया में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं। उनके किरदार को दर्शकों ने काफी भी पसंद किया था, खासकर उनकी सादगी और शो की नैचुरल कहानी के साथ उनकी सहज केमिस्ट्री को। हाल ही में रिलीज हुई हेली शाह की नई तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर फैंस के बीच उत्साह और बढ़ा दिया है। कैजुअल एथलीजर लुक में नजर आ रहीं हेली के चेहरे के इमोशनल एक्सप्रेशंस इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार उनकी कहानी सीजन में एक नया भावनात्मक पहलू जोड़ सकती है। तस्वीरों में एक ऐसा सीन भी देखने को मिल रहा है, जो काफी भावुक नजर आता है और दर्शकों के मन में मिश्रा परिवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर उत्सुकता बढ़ा रहा है। अपने पुराने अंदाज, हल्के-फुल्के हास्य और दिल छू लेने वाली स्लाइस-ऑफ-लाइफ कहानी के साथ गुल्लक सीजन 5 एक बार फिर जहां दर्शकों को यादगार सफर पर ले जाने के लिए तैयार है।

# भोपाल में 16 मई को होगा पेड्डी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च



**मुंबई।** ग्लोबल स्टार रामचरण की आने वाली फिल्म पेड्डी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च 16 मई को भोपाल में हो सकता है। फिल्म पेड्डी पहले ही साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में अपनी जगह बना चुकी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार पेड्डी का ट्रेलर अगले वीकेंड शनिवार 16 मई को भोपाल में होने वाले भव्य लॉन्च इवेंट में रिलीज किया जा सकता है। इस खास मौके पर राम चरण, निर्देशक बुची बाबू साना, निर्माता वेंकट सतीश किलारू, सुकुमार और जान्हवी कपूर के शामिल होने की उम्मीद है। इस इवेंट की भव्यता को और खास बनाने के लिए ए- आर- रहमान के भी मौजूद रहने और लाइव परफॉर्मेंस देने की संभावना है। बड़े स्तर पर प्लान किया जा रहा यह लॉन्च इस साल के सबसे बड़े फिल्म इवेंट्स में से एक साबित हो सकता है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को अमेरिका में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। वहीं हाल ही में सुकुमार ने पेड्डी के सेट्स का दौरा किया था और फिल्म के ओवरऑल कंटेंट की काफी सराहना की। फिल्म का अब तक सामने आया हर कंटेंट दर्शकों तक शानदार तरीके से पहुंचा है और हर तरफ लोगों से मजबूत जुड़ाव बना रहा है। बुची बाबू सना द्वारा लिखित और निर्देशित, पेड्डी में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ शिव राजकुमार, जान्हवी कपूर, दिव्एंदु शर्मा और जगपति बाबू नजर आएंगे। वेंकट सतीश किलारू द्वारा उनके बैनर वृद्धि सिनेमाज के तहत और प्रमुख प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स के सहयोग से निर्मित, तथा उत्तर भारत में जियो स्टूडियोज द्वारा रिलीज की जा रही यह फिल्म चार जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**इस इवेंट की भव्यता को और खास बनाने के लिए ए. आर. रहमान के भी मौजूद रहने और लाइव परफॉर्मेंस देने की संभावना है। बड़े स्तर पर प्लान किया जा रहा यह लॉन्च इस साल के सबसे बड़े फिल्म इवेंट्स में से एक साबित हो सकता है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को अमेरिका में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।**







# कुब्रा सैत ने गोल्डन टेंपल में टेका माथा

**मुंबई।** अपने लगातार व्यस्त शूटिंग शेड्यूल, ट्रैवल और निजी जिदंगी के बीच अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में आध्यात्मिक सुकून के कुछ पल बिताए। कुब्रा ने अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन टेंपल पहुंचकर न सिर्फ माथा टेका, बल्कि वहां से अपनी एक शांत और खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। इस तस्वीर में सादगी भरे पारंपरिक लुक में, सिर ढके हुए कुब्रा बेहद शांत और भावुक नजर आ रही हैं। पवित्र स्थल पर खिचवाई गई तस्वीर के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है, समर्पण करने आई थी, लेकिन जिंदगी की सबसे बड़ी नेमत मिल गई। ऐसा हमेशा होता है। इसके साथ ही उन्होंने वाहेगुरु, गोल्डन टेम्पल और पवित्र जैसे हैशटैग भी इस्तेमाल किए हैं, जिससे उनके शब्दों में आस्था, शांति और आध्यात्मिक संतोष साफ झलक रहा था। गौरतलब है कि अपने दमदार अभिनय और बेबाक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली कुब्रा अक्सर



फैंस के साथ अपनी निजी जिदंगी की झलकियां साझा करती रहती हैं। लेकिन इस बार उनका एक बेहद शांत, भावुक और आध्यात्मिक रूप देखने को मिला है। साथ ही फैंस ने भी कुब्रा की पोस्ट पर खूब प्यार बरसाया है।